

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 244 | ग्वालियर, शनिवार, 24 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## मोदी ने यूक्रेन व लोकतंत्र पर की अमेरिकी सांसदों से बात

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्टपति व्लादिमीर पुतिन को अपना सार्वजनिक और सीधा संदेश यह युद्ध का युग नहीं, संवाद व कूटनीति का है को दोहराते हुए यूक्रेन पर रूसी आक्रमण पर भारत की स्थिति के बारे में अमेरिकी कांग्रेस में चिंताओं को दूर करने की कोशिश की। उनके संदेश के बाद सभी के खड़े होकर तालियां बजाने से पता चला कि कांग्रेस के सदस्य प्रधानमंत्री से यह आश्वासन सुनना चाहते थे, क्योंकि उनमें से कई, जिनमें द्विपक्षीय संबंधों के कट्टर और स्थिर मित्र भी शामिल थे, ने रूस की निंदा करने से भारत के इनकार पर चिंता व्यक्त की थी और कहा था कि अब समय आ गया है भारत को चुनना है कि वह किस पक्ष में रहना चाहता है। मोदी ने लोकतंत्र के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के बारे में भी विस्तार से बात की, जो कांग्रेस के लिए चिंता का एक और मुद्दा था। इस सप्ताह 70 से अधिक कांग्रेस सदस्यों ने अमेरिकी राष्टपति जो बाइडेन को एक संयुक्त पत्र लिखकर उनसे भारत में लोकतंत्र, धार्मिक और प्रेस की स्वतंत्रता के मुद्दों को उठाने का आग्रह किया था। हालांकि, प्रधान मंत्री ने 2022 में भारतीय स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर दिल्ली सल्तनत और मुगलों के शासन को ब्रिटिश साम्राज्य के साथ जोड़कर उन्हें हजारों साल के विदेशी शासन के रूप में बुलाया। मोदी अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को दो बार संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधान मंत्री बन गए। उन्होंने इसे असाधारण बताया। उन्होंने टेलिप्रॉम्प्टर से पढ़ते हुए अंग्रेजी में बात की, मंच



पर और खचाखच भरी दर्शक दीर्घा से बार-बार तालियां बजती रहीं, दर्शक बार-बार मोदी, मोदी और अंत में वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाकर उनका उत्साहवर्धन करते रहे। मोदी ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को हाल के वर्षों में गहरे विघटनकारी घटनाक्रम में से एक बताया जब युद्ध यूरोप में लौट आया। उन्होंने कहा कि इसका ग्लोबल साउथ पर गहरा प्रभाव पड़ा है। प्रधान मंत्री ने सांसदों की जोरदार तालियों के बीच कहा, वैश्विक व्यवस्था संयुक्त राष्ट चार्टर के सिद्धांतों के सम्मान, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर आधारित है। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मोदी ने कहा, जैसा कि मैंने सीधे तौर पर और सार्वजनिक रूप से कहा है, यह युद्ध का युग नहीं, बातचीत और कूटनीति का युग है। रक्तपात और मानवीय पीड़ा को रोकने के लिए हमें वह सब करना चाहिए जो हम कर सकते हैं। मोदी उज्बेकिस्तान के समरकंद में रूसी राष्टपति व्लादिमीर पुतिन के साथ संयुक्त मीडिया संबोधन के दौरान अपनी टिप्पणियों का जिक्र कर रहे थे। प्रधान मंत्री ने सार्वजनिक और निजी तौर पर कई सांसदों की एक और चिंता के निराकरण की भी कोशिश की, जिसे वे धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने, असहमति और प्रेस की स्वतंत्रता पर कार्रवाई के साथ भारत में लोकतंत्र की गिरावट के रूप में देखते हैं। डेमोक्रेटिक सीनेटर मार्क वार्नर, जो इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष हैं, ने भी कहा था कि वह प्रधानमंत्री मोदी को लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते देखना चाहेंगे।

## न्यूज़ ट्रैक

### जनरल कोच में सफर करने वालों की हुई चांदी



**नई दिल्ली।** रेलवे को देश की लाइफलाइन कहा जाता है. देश में रोजाना करोड़ों लोग रेल से कहीं न कहीं कनेक्ट होते हैं. ताजा जानकारी के मुताबिक अब जनरल कोच में सफर करने वालों के लिए अहम सुविधा की शुरुआत की जा रही है. जानकारी के मुताबिक शुरुआत में सिर्फ लंबी दूरी की ट्रेनों में इसे शुरू किया जा रहा है. ट्रायल सफल होने पर सभी ट्रेनों में इसे लागू कर दिया जाएगा. आपको बता दें कि ट्रेन में यात्री करने वाले ज्यादातर लोग जनरल कोच वाले ही होते हैं. क्योंकि लोअर और मिडिल क्लास लोग सस्ते के चलते जनरल कोच में सफर करने को ही प्राथमिकता देते हैं। आपको बता दें कि देश में जनरल कोच यात्रा करने वालों की संख्या एसी व स्लीपर से 50 गुना तक ज्यादा है. ट्रेन में कुछ कोच को छोड़ दिया जाए तो जनरल ही होते हैं. इसलिए रेलवे ने अब बहुसंख्य लोगों को सुविधा का लाभ देने के लिए ही यह शुरुआत की है. जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों को सभी स्टोपेज पर अनरिजर्व्ड कोचों के पास सस्ता भोजन, पीने का पानी और वेंडिंग ट्रालियां शुरु करने के लिए निर्देश दिये गए हैं. ताकि जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को भी सुविधा का लाभ मिल सके। नई व्यवस्था के तहत ही बोर्ड पर सफाई और पानी उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी. यही नहीं ट्रेन मैनेजमेंट को रास्ते में वाटरिंग स्टेशनों पर अनरिजर्व्ड कोचों के शौचालयों में पानी भरने की योजना बनानी होगी. साथ ही पेयजल बूथ बनाने की ओर भी काम चल रहा है. ताकि जनरल कोच में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा मिल सके. क्योंकि रिजर्व कोच में यह सुविधा पहले से ही उपलब्ध होती है. रेलवे बोर्ड के मुताबिक, यात्री रिजर्व टिकट का किराया नहीं वहन कर सकते हैं, वे अनरिजर्व बोगी के साथ सफर करते हैं. अब इन यात्रियों को भी खाने-पीने व साफ-सफाई की बुनियादी चीजें उपलब्ध कराई जाएंगी.

### यूपी में मेडिकल छात्रा की आत्महत्या का मामला : परिजनों ने लगाया रैगिंग का आरोप

**कानपुर।** कानपुर में आत्महत्या करने वाली मेडिकल छात्रा के माता-पिता ने आरोप लगाया है कि उसने गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के चलते यह खौफनाक कदम उठाया। 23 वर्षीय तान्या ने कथित तौर पर टॉयलेट क्लीनर पीकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की, उसे तुरंत उत्तर प्रदेश के कानपुर के लाला लाजपत राय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मेडिकल छात्रा के पिता नरेंद्र कुमार, जो राज्य पुलिस विभाग में उप-निरीक्षक हैं, ने संवाददाताओं को बताया कि उनकी बेटी ने उन्हें कॉलेज में रैगिंग के बारे में बताया था। उन्होंने कहा, करीब सात महीने पहले, तान्या ने मुझे बताया था कि कॉलेज के कुछ सीनियर्स ने उसके लंबे बाल काट दिए थे। लाला लाजपत राय अस्पताल में भर्ती होने से दो दिन पहले, तान्या ने मुझे बताया था कि कॉलेज के कुछ छात्र जन्म से ही उसकी विकलांगता के कारण उसका मजाक उड़ाते थे। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजय काला ने कहा कि यह रैगिंग का मामला नहीं है। उन्होंने कहा, अगर तान्या को ऐसी किसी समस्या का सामना करना पड़ रहा था, तो उसे या उसके माता-पिता को कॉलेज प्रबंधन से शिकायत करनी चाहिए थी। पुलिस ने कहा कि छात्रा अपने परिवार से दूर शहर के कल्याणपुर में एक किराए के मकान में रह रही थी और वे कार्रवाई के लिए इस संबंध में शिकायत का इंतजार कर रहे थे। 17 जून को दो युवकों ने उसे गंभीर हालत में एलएलआर के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया था। उसे अस्पताल में भर्ती कराने के बाद दोनों युवक रहस्यमय ढंग से गायब हो गए थे। उन्होंने डॉक्टरों को बताया कि उसने टॉयलेट क्लीनर पी लिया है। डॉक्टरों के मुताबिक, छात्रा की मल्टी ऑर्गन फेल्योर के कारण मौत हुई है।

### बिजनौर में तेंदुए ने एक और 11 वर्षीय लड़के की ली जान



**बिजनौर।** यूपी में 24 घंटे के भीतर दूसरी बाद तेंदुए ने जान ले ली। गुरुवार देर शाम को बिजनौर जिले के रेहड़ थाना क्षेत्र के बादशाहपुर गांव में 11 वर्षीय लड़के पर तेंदुए ने हमला कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। लड़का अपनी छोटी बहन के साथ घर के बाहर खेल रहा था। तभी तेंदुए ने उस पर झपट्टा मारा और जंगल में घसीटकर ले जाने की कोशिश की। अभिजोत ने शोर मचाया, इसके बाद ग्रामीण डंडे लेकर मौक पर पहुंच गए। तेंदुए पर लाठियां बरसाईं। तेंदुआ गंभीर रूप से घायल लड़के को छोड़कर भाग गया। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। स्थानीय पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वन क्षेत्राधिकारी खुशबू उपाध्याय ने कहा कि तेंदुए के हमले से 11 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि तेंदुआ फिर से गांव में आ सकता है। इसलिए वन विभाग की एक टीम पेट्रोलिंग के लिए मौके पर पहुंच गई है। हम भविष्य में किसी भी मानव हताहत को रोकने के लिए कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों को समूहों में बाहर निकलने की सलाह दी जा रही है। बता दें, कि इससे पहले बुधवार यानी 21 जून को अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर रजौरी गांव के 45 वर्षीय महिला कमलेश की तेंदुए के हमले में मौत हो गई थी।


## विपक्षी दलों की बैठक पर बीजेपी का तंज
### पोस्टर जारी कर राहुल गांधी की उड़ाई खिल्ली




**नई दिल्ली।** बिहार की राजधानी पटना में आज विपक्षी दलों की महाबैठक होने वाली है. सीएम नीतीश कुमार की अगुवाई में ये बैठक हो रही है. इसमें 15 विपक्षी दलों के प्रमुख हिस्सा लेंगे. इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पटना पहुंच गए हैं. इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने पोस्टर जारी कर राहुल गांधी पर तंज कसा है. पटना में थोड़ी ही देर में विपक्षी पार्टियों की बैठक शुरू होने वाली है. इस बीच भाजपा के बाहर राहुल गांधी के पोस्टर लगाए गए हैं. बीजेपी ने इस पोस्टर के जरिये राहुल गांधी का मजाक उड़ाया है. पोस्टर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तुलना देवदास फिल्म में एक्टर शाहरुख खान के किरदार के साथ की गई है. साथ ही पोस्टर में रील लाइफ देवदास के साथ शाहरुख खान और रीयल लाइफ देवदास के साथ राहुल गांधी की तस्वीर लगी है. साथ ही देवदास फिल्म के डॉयलॉग भी लिखे गए हैं.

## यूपी में नाबालिग रेप पीड़िता ने पुलिस कार्रवाई में देरी के कारण लगा ली फांसी

**बाराबंकी।** दुष्कर्म के प्रयास की शिकायत करने के पांच दिन बाद उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में 16 वर्षीय नाबालिग दलित लड़की अपने घर में फंदे से लटकी पाई गई। उसके परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी और उनके द्वारा उपहास उड़ाए जाने के कारण लड़की ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि वह इस घटना से बहुत उदास थी और उसने अपना जीवन समाप्त करने का फैसला किया। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को सबसे पहले लड़की की मां ने उसका शव देखा। लड़की के परिवार ने स्थानीय ग्राम प्रधान को सूचित किया, जिन्होंने बाद में पुलिस को बताया। बाराबंकी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि 17 जून को लड़की की शिकायत पर हैदरगढ़ पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 376/511 के तहत बलात्कार के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि लड़की की मेडिकल जांच पहले हो चुकी थी और गुरुवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने उसका बयान दर्ज किया जाना था, लेकिन इससे पहले ही उसने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि मामले के जांच अधिकारी उप-निरीक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह को मामले की जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को आत्महत्या की जांच करने के लिए



कहा गया है और अगर जरूरत पड़ी तो आत्महत्या के लिए उकसाने का एक और मामला दर्ज किया जाएगा। बच्ची की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश के बाद एसपी ने खुद घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया।

## सुरक्षा बलों की मिली बड़ी सफलता 4 आतंकियों को मार गिराया

**जम्मू।** भारत में अशांति फैलाने के लिए पाकिस्तान लगातार आतंकियों को भेजकर नापाक कोशिश करता रहता है, लेकिन हर भारतीय सेना के जवान उनकी नापाक हरकतों को नाकाम कर देते हैं. जम्मू कश्मीर में एक बार फिर सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता मिली है. भारतीय सेना और पुलिस के जवानों ने एक संयुक्त अभियान के तहत शुक्रवार को 4 आतंकियों को मार गिराया है. ये आतंकी पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके) से भारत की सीमा में घुसपैठ करने का प्रयास कर रहे थे.



भारतीय सेना और पुलिस की ओर से कुपवाड़ा में स्थित माछल सेक्टर के काला जंगल में एक संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया. इस बीच कुछ आतंकवादी पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर से हमारी सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे. इस पर सुरक्षा बलों के जवानों ने घेराबंदी करके 4 आतंकियों को ढेर कर दिए हैं. जम्मू कश्मीर पुलिस ने आतंकियों के मारे जाने की सूचना दी है. आतंकियों को ढेर करने के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और सर्च अभियान चलाया जा रहा है. इस इलाके में कुछ और आतंकी के छिपे होने की खबर है. पुलिस ने मारे गए चारों आतंकियों के शवों को अपने कब्जे में ले लिया है. हालांकि, अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है. आपको बता दें कि इससे पहले जम्मू कश्मीर की पुलिस ने पिछले दिनों अनंतनाग से जैश ए मोहम्मद के पांच आतंकियों को गिरफ्तार किया था. इन लोगों को अनंतनाग की जंगलात मंडी के पास 29 मई को हुई सर्कस कलाकार दीपू कुमार की हत्या के आरोप में पकड़ा गया है.

### इस्लामिक सेंटर ने बकरीद के लिए जारी की एडवाइजरी

**लखनऊ।** लखनऊ में इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें मुसलमानों से ईद-उल-अजहा या बकरी ईद के दौरान जानवरों की बलि की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा नहीं करने को कहा गया है। देश भर में 29 जून को बकरीद मनाई जाएगी और इस्लामिक सेंटर के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने अपनी सलाह में कहा कि समुदाय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि केवल उन्हीं जानवरों की कुर्बानी दी जाए, जिन पर कानूनी प्रतिबंध नहीं है। लखनऊ ईदगाह के इमाम मौलवी ने कहा, कुर्बानी करते समय कानूनी प्रावधानों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। स्वच्छता सुनिश्चित की जानी चाहिए और कुर्बानी की तस्वीरें या वीडियो सोशल मीडिया पर साझा नहीं की जानी चाहिए। कुर्बानी किसी भी खुले स्थान या सड़क के किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर नहीं की जानी चाहिए। कुर्बानी के बाद जानवर के अपशिष्ट को सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर नहीं फेंका जाना चाहिए, बल्कि नगर निगम के कूड़ेदान के अंदर रखा जाना चाहिए। हमें कुर्बानी करते समय दूसरों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना चाहिए।

### धार्मिक अनुष्ठान में जाने की अनुमति न मिलने पर डिप्टी कलेक्टर का इस्तीफा!



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की एक महिला डिप्टी कलेक्टर ने अपनी नौकरी से सिर्फ इसलिए इस्तीफा दे दिया, क्योंकि उसके घर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में जाने की अनुमति देने से सामान्य प्रशासन विभाग ने इनकार कर दिया था। मामला छतरपुर जिले लवकुशनगर का है, यहां एसडीएम के पद पर निशा बांगरे पदस्थ हैं। वह बैतूल जिले के आमला में 25 जून से शुरू हो रहे अंतर्राष्ट्रीय सर्व धर्म शांति सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहती थीं, इसके लिए उन्होंने अवकाश मांगा और आवेदन भी किया ,मगर उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस आयोजन में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं मिली। इस आयोजन के संयोजक उनके पति हैं। वह अपने मकान के गृहप्रवेश के साथ ही विश्व शांति दूत तथागत बुद्ध की अस्थियों के दर्शन करने जाना चाहती थीं। धार्मिक आयोजन में जाने के लिए अवकाश और अनुमति न मिलने से नाराज निशा बांगरे ने सामान्य प्रशासन विभाग की प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका कहना है कि उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, इसलिए वे इस्तीफा दे रही हैं। ज्ञात हो कि पिछले काफी अरसे से निशा बांगरे अवकाश पर रहीं और उनके आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में आमला से चुनाव लड़ने की भी चर्चा है। एक बार तो वह स्वयं भी कह चुकी हैं कि जनता अगर ऐसा चाहती है, तो वे विचार करेंगी।

## हम चाहते हैं कि बीजेपी को हराने के लिए विपक्ष एकजुट होकर लड़ेः खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को पटना में विपक्षी दलों की बैठक के लिए रवाना होने से पहले दिल्ली में कहा कि वह चाहते हैं कि केंद्र से भाजपा सरकार को हटाने के लिए सभी दल एकजुट होकर लड़ें। उन्होंने कहा कि संसद के मानसून सत्र से पहले कांग्रेस दिल्ली के अध्यादेश के मुद्दे पर फैसला करेगी। पटना में समान विचारधारा वाले दलों की पहली बैठक के लिए रवाना होने से पहले मीडिया से बात करते हुए खड़गे ने कहा, हम सभी बीजेपी के खिलाफ मिलकर लड़ना चाहते हैं और हमारा एजेंडा एकजुट होकर बीजेपी सरकार को हटाना है। खड़गे ने कहा, हम चाहते हैं कि सभी लोग एकजुट होकर लड़ें और वहां जाकर हम सभी की राय लेंगे और आम सहमति बनाएंगे। राहुल गांधी विपक्षी एकता की कोशिश कर रहे हैं और पटना में यह बैठक उसी का हिस्सा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आप द्वारा अध्यादेश पर कांग्रेस का समर्थन नहीं मिलने पर विपक्ष की बैठक से वॉकआउट की धमकी के बारे में एक सवाल पर, खड़गे, जो राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी हैं, ने कहा, मुझे इसकी जानकारी नहीं है। जब संसद सत्र शुरू होता है तो कई पार्टियां एजेंडा तय करती हैं कि उन्हें कौन से मुद्दे उठाने हैं और क्या छोड़ने हैं। यहां तक कि उनकी पार्टी के नेता भी संसद में सर्वदलीय बैठक में शामिल होते हैं। मुझे नहीं पता कि वे इसका प्रचार क्यों कर रहे हैं। संसद में किसका विरोध करना है और किसका समर्थन करना है, इस पर लगभग 18 से 20 पार्टियां निर्णय लेती हैं। और हम संसद सत्र से पहले इस पर (केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ आप को समर्थन देने पर) फैसला लेंगे। 2024 के महत्वपूर्ण लोकसभा चुनाव से पहले समान विचारधारा वाले दलों को एक साथ लाने के लिए विपक्षी दलों की पहली बैठक पटना में होने वाली है। बैठक में समाजवादी पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, डीएमके, जेएमएम, शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी और अन्य सहित कई शीर्ष विपक्षी दल भाग लेंगे। खड़गे के अलावा बैठक में पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी भी शामिल हो रहे हैं।



### भारत आगे बढ़ गया है लेकिन कांग्रेसी आगे नहीं बढ़ेंगे : बीएल संतोष



**नई दिल्ली।** अमेरिकी यात्रा के दौरान हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य स्वागत और सम्मान की बात करते हुए अब भाजपा ने इस पर सवाल उठाने वाले विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस और राहुल गांधी पर पलटवार शुरू कर दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के अमेरिकी दौरे पर कटाक्ष करते हुए ट्वीट कर कहा है कि, क्राउन प्रिंस का दौरा, कुछ ज्ञापन, कुछ किराए के एलईडी ट्रक, कुछ महत्वहीन विरोध प्रदर्शन, एक साक्षात्कार, इन सभी प्रयासों के बाद, उदारवादी लॉबी और कांग्रेसी प्रवक्ताओं के पास शिकायत करने के लिए एक सवाल है। उनके लिए खेद है। बीएल संतोष ने कहा कि भारत आगे बढ़ गया है, लेकिन ये लोग ( राहुल गांधी और कांग्रेसी नेता) कभी आगे नहीं बढ़ेंगे।

### टूलकिट गैंग की ग्रुप लीडर अमेरिकी सांसद ने भी पीएम मोदी के भाषण पर बजाई तालियां : मालवीय

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका की संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करना कई मायनों में ऐतिहासिक और यादगार रहा। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के दौरान अमेरिकी सांसदों ने 79 बार तालियां बजाई और 15 बार स्टैंडिंग ओवेशन दिया। इसके साथ ही दोनों दलों के सांसद प्रधानमंत्री का ऑटोग्राफ लेते हुए और उनके साथ सेल्फी लेते भी नजर आए। अमेरिकी संसद में मिले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस सम्मान के बाद भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका में राहुल गांधी की लॉबिंग फेल हो गई है और टूलकिट गैंग की ग्रुप लीडर अमेरिकी सांसद ने भी पीएम मोदी के भाषण पर खड़े होकर तालियां बजाई।

# तांडव सेना ने मध्य प्रदेश में आदि पुरुष फिल्म को दिखाने पर थिएटर जलाने की दी चेतावनी

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** तांडव सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जागवीर सिंह परमार जी के निर्देशन एवम प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आज तांडव सेना संगठन की शिवपुरी ईकाई ने अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ एक जुट होकर फिल्म आदिपुरुष के विरोध में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा, जिसमें अपने संगठन की मंशा को साफ़ शब्दों में न सिर्फ समझाया बल्कि यह भी चेताया कि, हिंदू धर्म एवम उसकी सभ्यता और संस्कृति से किसी रूप में खिलवाड़ को पसंद नहीं किया जाएगा, जब- जब और जहां - जहां हिंदू भाई एवम बहन अपने आप को अकेला महसूस करेंगे वहां- वहां तांडव सेना उनके साथ खड़ी मिलेगी, हम सदैव अपने हिंदू भाईयों की ढाल बनके उनके आगे खड़े रहेंगे , कोई अन्य समाज उनको अकेला एवम मजबूर समझने की चेष्टा भी न करे, ज्ञापन के दौरान जिला अध्यक्ष एवम संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आदिपुरूष फिल्म जो हम हिंदुओं के आराध्य भगवान श्री राम के जीवन चरित्र पर फिल्मांकित की गई तथा हमारे पूज्य ग्रंथ रामायण के आधार को मानते हुए बनाई गई है। कतई भी न तो देखने योग्य है और न ही किसी भी सूरत में प्रचारित योग्य है, सेंसर बोर्ड द्वारा इस फ़ल्मि के संबादों को बिना सुने और समझे इस तरह से पास करना,कहीं न कहीं हिंदू धर्म के आराध्य ग्रंथ रामायण के पात्रों को नीचा दिखाने की कोशिश की गई है जिसे तांडव सेना कभी बर्दाश्त नहीं करेगा, इस फिल्म के स्तरहीन संबादो जैसे ÷कपड़ा तेरे बाप का तेल तेरे बाप का तो जलेगी भी तेरे बाप की तेरी बुआ का बगीचा है क्या जो हवा खाने चला आया। जो हमारी बहनों को हाथ लगाएगा उसकी हम लंका लगा देंगे आप अपने काल के लिए कालीन बिछा रहे हैं। मेरे एक सपोले ने तुम्हारे शेष नाग को लंबा कर दिया अभी तो पूरा पिटारा भरा है, आदि आदि तरह के संबादों ने हिंदू धर्म की आस्था को दुखित किया है।इस फ़ल्मि को तांडव सेना ने देश व्यापी मुद्दा माना है तथा इसमें जब तक सुधार न हो तब तक इसे सिनेमाघरों में न चलाया जाए ऐसा आह्वान शासन एवम प्रशासन से किया है ज्ञापन के दौरान जिले की सारी कार्यकारिणी व सदस्य उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष एवं संगठन महामंत्री जितेंद्र सिंह तोमर, मीडिया प्रभारी गुरविंदर सिंह चीमा,कोषाध्यक्ष मोनू अग्रवाल, जिला सहायक मंत्री रविंद्र सिंह तोमर,जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण लक्षकार, मुख्य सलाहकार मजबूत सिंह धाकड़ जिला उपाध्यक्ष कमलेश तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दामोदर रावत, जिला ऑडिटर अमन बंसल, कल्याण सिंह ठाकुर,अंकित शर्मा ,गोलू शर्मा,सत्यनारायण शर्मा,कल्याण कुशवाहा, ललित कुशवाहा,राहुल कुशवाहा,गुलशन कुशवाहा,शुभम कुशवाहा,सोनू व्यास,रुद्र प्रताप सिंह, एवम अन्य साथी गण उपस्थित रहे।




# जीतू भाई चौधरी महामंत्री राजस्थान सेल मुम्बई भाजपा ने किया अध्यक्ष नगाराम काग व नई कार्यकारिणी का स्वागत

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**



**मुम्बई।** सीरवी नवयुवक मंडल सेवा समिति कानेलाव पाली के नए अध्यक्ष नगाराम काग के साथ उनकी पूरी टीम नई कार्यकारिणी कमेटी का जितेंद्र (जीतू भाई) चौधरी ने स्वागत किया । इस अवसर पर अध्यक्ष नगाराम काग ने कहा कि जीतू भाई से जो हमे मार्गदर्शन मीले है उससे एक नया जीवन जीने का अनुभव हुआ मनुष्य जीवन जीने का अनुभव हुआ जीतू भाई का कहना है कि अपने खुद के लिए तो सब कमाते है लेकिन समाज सेवा के लिए जो समर्पित होते है समाज सेवा करते उसको ही असली जीवन जीने का आनंद मिलता है । जितुभाई ने समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बड़ाने के लिए भी सबसे बड़ी समाज सेवा कहते है । इसलिए समाज को शिक्षा क्षेत्र में आगे बड़ाओ और अपने समाज मे बच्चों के लिए एक वर्ष में एक वार्षिक शिक्षा मोटिवेश सम्मेलन भी समाज मे रखो समाज के गरीब बच्चे जो पड़ने साहते है होनहार विद्यार्थियों की सहायता करने को कहा और समाज के हर कार्य मे समाज के साथ मिलकर समाज को आगे बड़ने को कहा शिक्षा संस्कार धर्म व राजनीति समाज को हर क्षेत्र में आगे बड़ाने में समाज के साथ जुड़े रहने को कहा अध्यक्ष नगाराम काग व पूरी कार्यकारिणी कमेटी ने जीतू भाई का आभार जताया और कहा आपका यह मार्गदर्श हमें नई ऊर्जा के साथ काम करने की शक्ति प्रदान करेगी अध्यक्ष ने कहा आपने जो हमे मान संम्मान दिया है और जो हमे मोटिवेशन किया है यह आपका एहसान हम कभी नही भूलेंगे हमारे पूरे गाव की तरफ से ओर पूरी कार्यकारिणी की तरफ है आपका बहुत बहुत आभार व धन्यवाद हमे आप जैसे समाज सेवको की समाज को जरूरत है और वो समाज सेवक आप मिल गए।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में पहुंचे माननीय श्री अमरजीत भगत जी को किसानों के द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर सौपा ज्ञापन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



गरियाबंद जिला मुख्यालय के इंडोर स्टेडियम मे जिला प्रशासन और महिला बाल विकास विभाग के द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम मे पहुचे मुख्य अतिथी माननीय श्री अमरजीत भगत जी खाद्य नागरिक आपूर्ती मंत्री (छग) एव प्रभारी मंत्री गरियाबंद को युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव एव वैद्य राज संघ जिला सचिव एव मंगधा यादव समाज जिला सह सचिव - यशवंत कुमार यादव के नेतृत्व मे ग्राम पंचायत बेगरपाला और ग्राम पंचायत मोहदा के किसानो के द्वारा विभिन्न समस्याओ को लेकर ज्ञापन सौपा गया जिसमे प्रमुख रूप से - युवा कांग्रेस ग्राम अध्यक्ष + पंच मोहदा नुतन मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत बेगरपाला मनराखन मरकाम सुखसिंह बिसाहीन बाई हिरो बाई नैनकुवर बाई कमलसाय यशवंत महेंद्र यादव दुलार नेताम छोटू नेताम बबलु दीवान उपस्थित थे।

# भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर गोहरापदर के भाजपाइयों पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गोहरापदर भाजपा मंडल गोहरापदर में भाजपा मंडल गोहरापदर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक,प्रखर राष्ट्रवादी नेता, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी ने डॉ मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डॉ.मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे।उन्होंने जनसंघ की स्थापना और देश के विकास के लिए ऐसा संगठन जो सदैव राष्ट्रवाद की बात करता रहा।अपना पूरा जीवन अखंड भारत बनाने के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने मुखर्जी की ओर से भारतीय राजनीति में राजनीतिक सिद्धांतों की स्थापना में दिए गए योगदान के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहा की श्रद्धेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के लिए देश की अखंडता और एकता से बढ़कर कुछ नहीं था। जम्मू-कश्मीर में एक निशान,एक विधान,एक प्रधान के लिए उन्होंने अपने प्राणों तक की आहुति दे दी। राष्ट्र-कल्याण से लेकर शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए उनके विचार सदैव प्रेरणा देते रहेंगे.उनके विराट योगदान को देश कभी भुला नहीं पायेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री पुनीतराम सिन्हा,अजा मोर्चा जिला महामंत्री चैनसिंह कश्यप,पि.व.मोर्चा जिला महामंत्री जयराम साहू,सांसद प्रतिनिधि खगेश्वर नायक,महामंत्री व्दय तानसिंह मांझी, मोहित यादव, कोषाध्यक्ष सोभित राम ध्रुवा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष जय अवस्थी, युमो मंडल अध्यक्ष हेमराज मांझी,राजेन्द्र यादव, दीपक सागर,मधुराम यादव,प्रेमसिंह यादव,गुनसागर यादव, पदमन नागेश,तुलसी सेन,सुरेश यादव, रोहित नागेश सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।




# 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों संबंधी समस्याओं का गोहद जनपद सभाकक्ष में बैंच में हुआ त्वरित निराकरण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्री प्रियंक कानूनगो की उपस्थिति में जनपद गोहद कार्यालय के सभाकक्ष में बाल अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित प्रकरणों के जीरो से 18 वर्ष तक के बच्चों संबंधी सभी समस्याओं निराकरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ निवेदिता शर्मा, श्री ओंकार सिंह, एसडीएम गोहद शुभम शर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी अब्दुल गफ्फार एसडीओपी सौरभ कुमार जिला सीडब्ल्यूसी सदस्यगण प्रहलाद सिंह भदौरिया सुनील दुबे प्रेम नारायण बरुआ सीएमएचओ डॉ यूपीएस कुशवाह डीईओ हरभुवन सिंह तोमर सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीबीएमओ डॉ आरआर बागरी ने सेल्फ केयर की प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तेजगढ़ में बैठक ली

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**



**दमोह /तेजगढ़।** दमोह जिले के अंतर्गत तेंदूखेड़ा में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए डॉक्टर्स के द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे रहे है इसी के चलते दमोह जिले के ब्लॉक तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेजगढ़ में सीबीएमओ डॉ आर आर बागरी के अपनी टीम के साथ प्राथमिक स्वस्थ केंद्र तेजगढ़ पहुंचे जहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेजगढ़ में पदस्थ समस्त स्टाफ की बैठक ली। बैठक में सेल्फ केयर से संबंधित और साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देकर विस्तार से चर्चा की एवं स्वस्थ विभाग द्वारा संचालित सेवाएं के बारे में चर्चा करते हुए मरीजों को सुलभ सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विचार विमर्श करते हुए निर्देशन दिए।आपातकालीन चिकित्सा एवं महिलाओं की प्रसव एवं मरीजों से संबंधित एवं रोगियों के रोग की पहचान से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए बैठक ली।इस बैठक में उपस्थित तेंदूखेड़ा सीबीएमओ डॉ. आर.आर. बागरी स्ह्ह डॉ.दीप्ति नामदेव, डॉ. राजेश अहिरवार, क्ष्श्वश्च ×क्ष्क्क्रसुश्री दीपशिखा कोरी के साथ पीएसी तेजगढ़ का स्टाफ उपस्थित रहा जिसमें स्ह्ह डॉ. प्रियंका शर्मा, नर्सिंग ऑफिसर श्रीमति पूजा हरदा रजनी वासनिक, लैब टेक्नीशियन रिपेश जमरा फार्मासिस्ट इंद्रकुमार मेशराम, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री सुनील सिंह ठाकुर, टेलीमेडिसिन, देव कुमार घोसी, सफाई कर्मी ममता बंसल सहित उज्यार बाल्मीकि आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# जन-संवाद कार्यक्रम में कलेक्टर मयंक अग्रवाल पहुँचे इमलिया घाट

## ग्रामवासियों से हुए रूबरू, उनकी बाते व समस्याए सुनी, जिला और खण्ड स्तरीय अधिकारी रहे मौजूद

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में सेक्टर स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत आज दमोह विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम इमलिया घाट में कलेक्टर मयंक अग्रवाल की मौजूदगी में पहला जन-संवाद आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्रामीण जनों से चर्चा की, उनकी बातें सुनी और उनके आवेदनों पर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए त्वरित निराकरण के लिए कहा गया। इस दौरान ग्रामीण जनों ने समस्याएं रखी और आवेदन भी दिए। इन आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अजय श्रीवास्तव विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन के तहत आवंटन के संबंध में जानकारी ली और अन्य संबंधित अधिकारियों से कहा समय पर समूह को खाद्यान्न मिल जाए और मैपिंग संबंधी कहीं बात हैं, उसका निराकरण सुनिश्चित कर लिया जाए। ग्राम इमलिया घाट की एक महिला ने स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर की पद स्थापना की मांग की। उन्होंने कहा दमोह जाना होता है अतः डाँक्टर की पद स्थापना कराई जाए। 03 किसानों ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि ना मिलने की शिकायत पर आर आई और तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एक बुजुर्ग वृद्ध महिला ने कलेक्टर से कहा उसे पेंशन नहीं मिल रही है, पंचायत सचिव को बुलाए जाने पर सचिव द्वारा बताया गया कि इनका पेंशन स्वीकृत हो गया है, इनके 2 नाम हैं इसके कारण समस्या है इसका निराकरण बैंक के स्तर से करा लिया जाएगा। कुछ ग्रामीणों ने बीपीएल सूची में नाम जोड़ने का आवेदन दिए। कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत और तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।



**स्कूल आंगनबाड़ी का लिया जायजा**-कलेक्टर ने इस अवसर पर स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचकर बच्चों को दी जा रही सुविधाएं और टीकाकरण आदि के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित अधिकारी को समुचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल के भ्रमण के दौरान जिला परियोजना समन्वयक से कहा आवश्यक सुधार कार्य करा लिए जाएं। भ्रमण के दौरान ग्रामीण जनों से भी चर्चा की गई। आसपास की पंचायतों के सरपंच भी मौजूद थे, जिन्होंने भी अपनी बातें रखी जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस आयोजित शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी, डीओ ट्राइवल, विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन यंत्री और सीईओ जनपद पंचायत विनोद जैन सहित तहसीलदार मोहित जैन सहित संबंधित अन्य जिला अधिकारी और खंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**जन संवाद कार्यक्रम में शामिल ग्राम**-जन संवाद कार्यक्रम जनपद पंचायत दमोह के सेक्टर इमलिया घाट की ग्राम पंचायत इमलियाघाट, देवरीजमादार, हरदुआखुर्द, हिनौता, रामगढ़, झापन, लकलका, मनका, रामगड़, सगौनीकला, सलैयाहटरी, सोमखेड़ा, सुहैया एवं टौरी ग्राम शामिल रहे।

# महाकाल कोडीडोर घोटाला एव सतपुड़ा भवन दस्तावेज भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । महाकाल कोडीडोर में हुए महा घोटाले एव सतपुड़ा भवन में जलाए गए दस्तावेज भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन कर ज्ञापन पत्र महामहिम राष्टपति के नाम सोपा जाएंगा। कार्यक्रम की शुरूवात गौरी का किनारा कालेश्वर मंदिर से 10 बजे से की जाएंगी। मंदिर से सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता रेली निकालकर कलेक्टेड परिसर पहुंच कर राष्टपति के नाम कलेक्टर भिंड को ज्ञापन सौंपेंगे।जिसकी सूचना कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह द्वारा दी गई तथा सभी प्रदेश के जिला, ब्लॉक,मंडलम, सेक्टर,बूथ, युवा कांग्रेस,किसान कांग्रेस,महिला कांग्रेस,पिछड़ा वर्ग कांग्रेस,अनुसूचित जाति जनजाति कांग्रेस,सभी बिंगो के पदाधिकारी से आग्रह किया है अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कांग्रेस की ताकत व आवाज को बुलंद करने का काम करे। भाजपा की जन विरोधी नीतियों से आमजन दुःखी है समूचे प्रदेश में आमजन कांग्रेस का साथ देने के लिए पूर्ण रूप से तैयार,कांग्रेस पार्टी आमजन की लड़ाई सड़कों पर लड़ रही है।

# सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगावली में सम्पन्न हुआ तीन दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग



विद्या भारती मध्य भारत द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगावली में तीन दिवसीय आचार्य अभ्याश वर्ग का आयोजन किया गया जिसमें नियमित ओर परीक्षण कालीन लगभग 20 आचार्य दीदीओ ने भाग लिया वर्ग में प्रथम दिवस समिति के कोषाध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी ने विद्या भारती की विकास यात्रा विषय पर अपने विचार रखे , इसके बाद दूसरे सत्र में विद्यालय की दीदी मीना झा ने सामाजिक विज्ञान विषय को किस तरह सरलता से पढ़ाया जा सकता है इस विषय पर कक्षा ली , तृतीय सत्र में विद्यालय के प्राचार्य विशाल भार्गव ने विमर्श सत्र में अपनी बात आचार्य दीदियों के बीच रखी प्रथम दिवस के अंतिम सत्र में कंप्यूटर विषय का शिक्षण आचार्य सन्दीप श्रीवास्तव द्वारा करवया गया। दूसरे दिन प्रातः योग , समता ओर व्यायाम के प्रारम्भ आचार्य राधेश्याम उपाध्यक्ष द्वारा कराया गया। दूसरे दिन के सत्रों में पुर्व आचार्य वेद प्रकाश गोयल ने वित्त परबन्धन की कक्षा ली और शिशु बाटिका के बारह आयामो के विषय मे शिशु बाटिका की प्रमुख दीदी आशा दुवे ने आचार्य दीदियों से चर्चा की। इस तीन दिवसीय आचार्य अभ्याश वर्ग में हिंदी विषय मे व्याकरण की शूक्ष्म जानकारियां सविता तोमर दीदी ओर अंग्रेजी विषय के सम्भाषण को चन्द्रेश अस्वारिया आचार्य ने जानकारी दी। हर बार सत्र प्रारम्भ करने से पूर्व यह आचार्य अभ्याश वर्ग आयोजित किये जाते हैं। जिससे एक नवीन ऊर्जा और संचार के साथ आचार्य दीदियां कक्षा कक्ष में अध्ययन आध्यापन करवा सकें। वर्ग के दूसरे दिन विश्व योग दिवस का कार्यक्रम में सम्पन्न हुआ जिसमें सभी आचार्य दीदियों ने सुबह के सत्र में विभिन्न योगाशन किये।

# फ्रांस के तुलुस शहर में आध्यात्मिक योग दर्शन वीरांगना लक्ष्मीबाई को समर्पित रहा



फ्रांस के तुलुस शहर के सांस्कृतिक रंगाई कल्चर सेंटर भवन में सभी महत्वपूर्ण विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, विद्यार्थी, एअरबस कंपनी के इंजीनियरस तथा बुंदेलखंड एन आर आई एसोसिएशन के सदस्यों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज का यह आध्यात्मिक योग दर्शन का कार्यक्रम 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजी शासन काल के विरुद्ध अपने प्राणों की आहुति देने वाली बुंदेलखंड की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जी की पुण्यतिथि को सादर समर्पित रहा 7 इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम आर्ट ऑफ लिविंग श्री श्री रविशंकर जी के साधकों ने शांति पाठ एवं वीरांगना को शत-शत नमन किया, दद्दा जी कल्चर सेंटर फ्रांस एवं इटली के सुरेंद्र गुप्ता ने बुंदेलखंड की माटी की पुत्री के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड की माटी ने महत्वपूर्ण स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में स्वतंत्रता सेनानियों को भारत माता की गोद में समर्पित किया। बनियन तुलुस के पैतृक पेरिस ने फ्रेंच कम्युनिटी की तरफ से अपने श्रद्धा सुमन रानी लक्ष्मीबाई के चरणों में समर्पित किए । मोरक्को की साइक्लोजिस्ट डॉक्टर गीसनाल अरब ने भारत की ताकतवर महिलाओं के ऊपर अपना उद्बोधन दिया, तथा उन्होंने अपनी नई किताब में रानी लक्ष्मीबाई के ऊपर मुख्य लेख लिखने की घोषणा की गुजरात की परिजात खान ने भारतीय महिलाओं को समर्पित अपने एसोसिएशन मेजों द लैंड में रानी लक्ष्मीबाई पर बोलते हुए कहा कि बुंदेले हरबोलों के मुंख से हमने सुनी कहानी थी खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी। तथा उन्होंने बुंदेलखंड पृथक राज्य के लिए गुजराती भारतीय कम्युनिटी के द्वारा समर्थन एवं सहायता देने की घोषणा की। श्री मतंगेश्वर सेवा समिति खजुराहो के पंडित सुधीर शर्मा ने कहा कि जिस तरह से महारानी लक्ष्मी बाई को धोखे से अंग्रेजों ने मार डाला उस पर उनकी इच्छा हैं कि बुंदेलखंड के शहीदों के साथ हुए अत्याचारों पर कश्मीर फाइल्स की तर्ज पर बुंदेलखंड फाइल्स फिल्म भी बनना चाहिए जो की महारानी लक्ष्मीबाई के चरणों में सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी इस बात पर हॉल में बैठे सभी भारतीय कम्युनिटी के लोगों ने भारत माता की जय, जय बुंदेलखंड के नारे लगाए जिससे सारा हॉल गूंज उठा। साउथ इंडियन इन फ्रांस कम्युनिटी की अपूर्वा सौम्या तथा नेपाल से हिमालय ग्रुप की जीना ने भी अपने रानी लक्ष्मीबाई को गीत एवं संगीत के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित किए । अंत में ब्रह्मकुमारी बहनों एवं संस्कृति योगा आश्रम की सकीना खान ने सभी के घरों से आए सामूहिक एकत्रित प्रसादी का वितरण किया।

# क्षेत्रीय विधायक डावर द्वारा ग्राम देवली में राठौड़ समाज की धर्मशाला का किया गया भूमिपूजन

## टांडा बरूड़ निप्र समिपथ ग्राम पंचायत देवली में राठौड़ समाज की धर्मशाला






**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

ग्राम देवली में राठौर समाज की धर्मशाला के भूमि पूजन के अवसर पर भगवानपुरा विधायक केदार डावर के कर कमलों से भूमि पूजन किया गया पंडित मोहन लाल शर्मा ने विधि विधान से भूमि पूजन करवाया विधायक महोदय के द्वारा धर्मशाला निर्माण हेतु ?500000 देने का ऐलान किया गया। खास बात यह रही कि, फुलकुवर बाई बद्रीलाल राठौड़, सदाशिव राठौड़ , सुखदेव मोतीराम राठौड़ के द्वारा, गांव के बीच में 2500 स्क्वेयर फीट भुमी दान स्वरूप राठौड़ समाज को भेंट की इस अवसर पर राठौर समाज के राष्टीय अध्यक्ष गोविंद प्रसाद जी राठौड़ राष्टीय उपाध्यक्ष कन्हैया लाल जी राठौड़ संभागीय महामंत्री राठौर समाज विजय राठौड़ अध्यक्ष राठौर समाज खरगोन दिलीप राठौड़ जिला संयोजक मिश्रीलाल राठौड़ एवं लक्ष्मीनारायण जी राठौड़ अध्यक्ष राठौर समाज देवली लक्ष्मीनारायण जी राठौड़ राठौर समाज युवा प्रकोष्ठ प्रवीण राठौर देवली देवीलाल राठौर देवली लक्ष्मण राठौर देवली कमलेश राठौर देवली राजेश राठौर देवली दिनेश राठौर बाल कृष्णा सुरेश चंद्र राठौर कैलाश राठौड़ संजय परवीन उपस्थित रहे एवं समस्त राठौर समाज देवली एवं अन्य समाज के इस अवसर पर दानदाताओं के द्वारा राशि दान की गई संकटा प्रसाद गोविंद प्रसाद राठौड़ रमेश राठौड़ टिमरनी रविंद्र राठौर और रानी राठौर समाज के द्वारा कुल राशि 70000 तत्काल धान दी गई भूमि पूजन और भूमि पूजन के बाद में पंक्ति का कार्यक्रम रखा गया दाल बाटी और लड्डू।

## भारत विकास परिषद पाटन शाखा द्वारा 9वां अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस मनाया गया

नील कुमार, ब्यूरो- दैनिक पुष्पांजली टुडे





**पाटन/गुजरात।** 21 जून को, जब पूरी दुनिया भारत के शारीरिक कल्याण के अनमोल उपहार, योग को अपना रही है, भारत विकास परिषद, पाटन शाखा के सदस्य और अध्यक्ष श्री दिलीपभाई पटेल, बी.एच. बनाम पी मंत्री श्री भरतभाई पटेल और गुजरात उत्तरी प्रांत के मुख्यमंत्री श्री डॉ. पारस खमार ने संस्थान के ट्रस्टी श्री अश्विनभाई पारेख के साथ संस्कार उद्यान पाटन में एक प्रेरक उपस्थिति दर्ज की और योग का अध्ययन किया। योग महावर का संचालन करने के लिए योग गुरु हेतलबेन प्रजापति उपस्थित थे। योग महावर के मुख्य अतिथि जगुरितिबे उपस्थित थे

## भाटसन पगार केंद्र स्कूल में 9वां विश्व योग दिवस मनाया गया



**पाटन ब्यूरो, दैनिक पुष्पांजली टूडे**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज 21 जून को पाटन जिले के सरस्वती तालुका के भाटसन पगार केंद्र स्कूल में हर घर आंगन स्वास्थ्य के साथ वसुधैव कुटुम्ब के लिए योग की थीम एक पृथ्वी एक स्वाथ्य के साथ मनाया गया। आचार्य शैलेशभाई सुथार के मार्गदर्शन में योग गुरु कनुभाई सथवारा एवं समस्त स्टाफ की सुंदर योजना से कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। एसएमसी, ग्रामजनो, गांव के युवाओं और स्कूली बच्चों ने उत्साह से योग में हिस्सा लिया। इस मौके पर स्कूल टीचर ने कहा कि आज हमारी जीवनशैली और खान-पान ऐसा हो गया है कि स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों ने विभिन्न योगाभ्यास व प्राणायाम कर उत्साहपूर्वक योग दिवस मनाया।

## अवैधानिक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध 15 अगस्त तक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने म.प्र. मत्स्योद्योग अधिनियम 1948 संशोधित 1981 की धारा 3 (3) एवं म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 के नियम 3 (2) के अन्तर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2023 तक बंद ऋतुकाल होने के कारण अवैधानिक मत्स्याखेट / परिवहन / क्रय/ विक्रय पर रोक लगा दी गई है। उल्लंघन करने पर उक्त मत्स्योद्योग की धारा 5 में रूपये 5 हजार तक का जुर्माना अथवा 1 वर्ष का कारावास अथवा दोनो से दंण्डित किये जाने का प्रावधान है। म.प्र. शासन मछली पालन विभाग के ज्ञापन दिनांक 23 मार्च 1987 के अन्तर्गत छोटे तालाबों या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हे निर्दिष्ट की परिभाषा के अन्तर्गत नहीं लाया गया है को छोडकर समस्त नदियों एवं जलासयों में बंद ऋतुकाल में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उक्त अवधि में मछली का प्रजनन काल होने से वंश बृद्धि को दृष्टिगत रखकर मत्स्य संरक्षण हेतु की जाकर उक्त काल को बंद ऋतुकाल घोषित किया गया है।

## डीएलएड द्वितीय पाठ्यक्रम मुख्य परीक्षा प्रथम/ द्वितीय वर्ष के

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । फार्म भरने की अंतिम तिथि 25 जून भिण्ड 23 जून 2023/ प्राचार्य डाईट द्वारा बताया गया कि डीएलएड द्वितीय पाठ्यक्रम मुख्य परीक्षा प्रथम/ द्वितीय वर्ष के फार्म भरने की पूर्व में अंतिम तिथि 20 जून नियत की गई थी। अब फार्म भरने की अंतिम तिथि 25 जून 2023 विलम्ब शुल्क के साथ निश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि शैलेन्द्र सिंह, साक्षी दुबे, ज्योति बघेल, शिवानी बघेल, तेजेन्द्र सिंह, निकिता, खुशी वैश्य, ममता एवं सोनम / महेश के द्वारा मोबाईल एवं वाट्सएप के द्वारा संपर्क करने पर भी डीएलएड द्वितीय पाठ्यक्रम मुख्य परीक्षा प्रथम / द्वितीय वर्ष के परीक्षा फार्म नहीं भरे, वे 25 जून 2023 तक विलम्ब शुल्क के साथ फार्म भर सकते है। नियत तिथि के बाद भी यदि परीक्षा फार्म नहीं भरते है तो वंचित होने की जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

## आईटीआई भिण्ड में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पंजीयन 25 जून तक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । प्राचार्य आईटीआई ने बताया कि अभी तक एमपी ऑनलाईन के माध्यम से प्रवेश आवेदन होते थे। इस बार बदलाव कर एमपी ऑनलाईन की जगह डीएसडी पोर्टल से प्रवेश होंगे। छात्र प्रवेश मॉड्यूल में जाकर प्रवेश के लिए पंजीयन 25 जून तक करा सकते है। आईटीआई भिण्ड में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिसमें स्टेनोग्राफी हिन्दी, स्वीईग टेक्नोलॉजी, मेकेनिक डीजल, मेकेनिक ट्रेक्टर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, कारपेन्टर, मशीनिष्ट, बेल्डर, कोपपा, फेशन टेक्नोलॉजी, इलैक्ट्रेनिक्स मैकेनिक में प्रवेश ले सकते है 12 जून से 25 जून 2023 तक पंजीयन में त्रुटि सुधार एवं च्वाईस फिलिंग होगी।

## ऊमरी पुलिस ने 3 अवैध देशी कट्टे , 2 जिंदा राउण्ड व चोरी गई मोटर सायकिल जप्त कर 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**




भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अरविन्द शाह के मार्ग दर्शन में अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी ऊमरी व उनकी टीम द्वारा कार्यवाही की गई। थाना ऊमरी द्वारा सायबर सैल की मदद से सूचीबद्ध बदमाशों की जानकारी एकत्रित कर निगरानी की जा रही है। इसी कडी में, दिनांक 22/06/2023 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि चार घर का पुरा गौशाला के पास 3 व्यक्ति अवैध हथियार लिये किसी वारदात करने की फिराक में खड़े है। सूचना विश्वसनीय होने से मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे तो 3 व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर भागने लगे जिन्हें पुलिस की टीम के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा तथा उनके कब्जे से 03 देशी कट्टा 315 बोर के व 02 जिंदा राउण्ड जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपीगणों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किये गये। तथा आरोपियों से पूछताछ पर उनके द्वारा कोतवाली क्षेत्र सदर बाजार भिण्ड से एक हीरो एच.एफ. डीलक्स चोरी करना तथा उसे ग्राम चार घर का पुरा में गौशाला के पीछे बीहड में छिपाना बताया जो आरोपियों के बताये अनुसार गौशाला के पीछे से एक हीरो एच.एफ. डीलक्स मोटर सायकिल जप्त की गई। तथा आरोपियों को न्यायालय भिण्ड में पेश किया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपीगणों के विरुद्ध थाना रौन, कोतवाली भिण्ड, थाना गोले का मन्दिर ग्वालियर में भी पूर्व में अवैध हथियार रखने, लूट करने व चोरी करने के कई अपराध पंजीबद्ध है । जप्त मसरूका का विवरण ़ 02 देशी कट्टा 315 बोर के तथा 2 जिंदा राउण्ड ,एक देशी कट्टा एन. पी. बोर ,एक हीरो एच.एफ. डीलक्स मोटर सायकिल कुल मसरूका कीमती करीब 1 लाख रुपये । उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा,उपनिरीक्षक थाना प्रभारी अमायन सुनील सिकरवार, उपनिरीक्षक विजय शिवहरे,प्रधान आरक्षक प्रवीण तिवारी,विनोद चौहान,राजवीर सिंह यादव,आरक्षक धर्मपाल परिहार,भानु प्रताप सिंह, यशवेन्द्र पाल,जितेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रदीप तोमर,परशुराम रावत,राहुल राजावत,जगन भदौरिया,रविन्द्र शर्मा तथा सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ सपोर्ट ग्रुप मीटिंग का आयोजन

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड। संकल्प समाज सेवी संस्था सीएससी विहान परियोजना द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय आईसीटीसी सेंटर भिंड में सपोर्ट ग्रुप मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टीबी, एचआईवी के जिला नोडल अधिकारी आसंदीप शाक्य,आईसीटीसी काउंसलर सीमा जैन,स्टाफ नर्स पंचवटी,संपूर्ण सुरक्षा प्रोग्राम मैनेजर शैलेंद्र सिंह परमार,सीएससी विहान परियोजना हेल्थ प्रमोटर ऋषिकांत शर्मा,हरिशंकर शर्मा, डीआरपी बृजेश मुगदल, एसएसके मनीषा कुशवाह एवं एचआईवी पॉजिटिव क्लाइंट मौजूद रहे जिसमें नोडल अधिकारी द्वारा ए आर टी की नियमित दवाइयों के सेवन के लिए एवं योग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग करना चाहिए ताकि वह विभिन्न बीमारियों से बच सकें क्योंकि कहा भी गया है प्रथम सुख निरोगी काया इसलिए नियमित रूप से योग करते रहे तथा एचआईवी पॉजिटिव लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि वह ए आर टी की नियमित रूप से दवाइयां समय-समय पर लेते रहे ताकि अन्य बीमारियों के संक्रमण से बचे सके एवं लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जी सके।

## अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की 146वीं रथ यात्रा में हेम उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय के एबीवीपी छात्र संघ स्टूडेंट फॉर सेवा के छात्र प्रकल्पम स्वच्छता सेवा यज्ञ में शामिल हुए

निल कुमार, ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे



पूरे भारत में दूसरी और गुजरात में पहली माने जाने वाली भगवान जगन्नाथ की 146 वीं रथ यात्रा, अहमदाबाद में संपन्न हुई। शहर की भीड़भाड़ से लबालब सार्वजनिक स्थानो पे भगवान जगदीश के आशीर्वाद प्राप्त सभीने प्राप्ट।त किये। नरसमुद्र समान भक्तो के घोड़ापुर में रथयात्रा निकलने के बाद पानी




के छींटे, नाश्ते, व्यंजन और खाने के पैकेट और पानी के डिस्पोझेबल ग्लास जैसी कई तरह की गंदगी फैली पैदा होती है एसे वक्त पे छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जो लगातार युवा छात्रों में सकारात्मक विचार और चरित्र निर्माण के लिए काम कर रहा है और युवा छात्रों के पेचीदा सवालों के लिए लगातार जद्दोजहद मे होता है एसे.संगठन ने पूरे मार्ग के साथ युवाओं द्वारा स्टूडेंट फॉर सर्विस स्वच्छता अभियान जारी रखा। इस अभियान में पाटन से एम. एस. सी आई.टी में पढ़ने वाले पाठक कार्तिकेय और बी.एड में पढ़ने वाले देसाई साहिल और एसकेसीबीएम से बीबीए में पढ़ने वाले प्रथम खत्री ये तीन छात्र अहमदाबाद में सेवार्थे रथ यात्रा में शामिल हुए। जिसमें युवा छात्रों को सेवा और धर्म दोनों का लाभ मिला।

## चोथानेसड़ा गांव की विद्यालय में योग दिन मनाया गया

निल कुमार, ब्यूरो पुष्पांजली टुडे



**बनासकान्ठा/ गुजरात।** वाव तहसील के चोथानेसड़ा गांव की विद्यालय में योग दिन मनाया गया। जामाज़ी विहाजी राठोड़ ने अच्छा आयोजन किया। बच्चो के साथ साथ सभी गुरुजी ने भी योग किया। योग के लाभ के बारे मे समझ दी गई। शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में योग मदद करता है। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। यह तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है और आपको आराम से रहने में मदद करता है। योग आसन शक्ति, शरीर में लचीलेपन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए जाना जाता है। प्रधानाचार्यजी ने योग दिन के बारे में गाइड लाइन दी। सभी बच्चे ने अच्छी तरह से योगा भी किया।

## बरासों थाना पुलिस ने हत्या का किया खुलासा साथी ही निकला आरोपी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में एवं आर के एस राठौर एसडीओपी मेहगांव के निर्देशन में थाना बरासो मे हुई हत्या का हुआ खुलासा आरोपी को किया गिरफतार थाना प्रभारी थाना बरासो सीपीएस चौहान व उनकी टीम द्वारा कार्यवाही की गई। थाना बरासो पुलिस को दिनांक 21- 22/06/23 के रात करीबन 12 से 1 बजे सूचना मिली कि ग्राम कुडरियापुरा में बस के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा था और दूसरा व्यक्ति घायल अवस्था में उसके पास बैठा था। पुलिस मौके पर पहुंची और अपनी जांच शुरू की तो मृतक किट्टू उर्फ सुरेंद्र पुत्र राम भरोसे जाटव नि नयागांव के साथी पप्पू कुशवाह नि नयागांव से पूछताछ करने पर मामला संदिग्ध दिखाई दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया जिसमे पता चला कि मृतक और उसके दोस्त ग्राम नयागांव से रोशन कुशवाह की लड़की का लगून फलदान लेकर बस के साथ ग्राम कुरियापुरा आए थे। सभी गवाहों के कथनों के आधार पर संदिग्ध साथी से सख्ती से पूछताछ करने पर साथी द्वारा बस की छत पर शराब खरीदने और पीने के ऊपर से विवाद होना बताया और मृतक द्वारा साथी की मारपीट की गई फिर साथी द्वारा मृतक को बस की छत से धक्का दे दिया जमीन पर गिरने से मृत्यु हो गई घटना करना स्वीकार किया गया। मर्ग क्रमांक 04/2023 धारा 174 जा.फा. का कायम कर जांच में लिया दौराने जाँच से आरोपी पप्पू कुशवाह के विरूध्द अपराध धारा 302 भादवि. 3 (2) (वी) एस टी/एससी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया जिसकी विवेचना आर. के. एस. राठौर एसडीओपी मेहगांव द्वारा की गई तो घटना स्थल का मय थाना प्रभारी बरासो के उपस्थित मौके पर निरीक्षण किया गया तो घटना का घटित सही होना पाया गया बाद आरोपी पप्पू कुशवाह निवासी ग्राम नयागाँव भिण्ड की आवश्कता होने से आरोपी पप्पू कुशवाह को गिरफ्तार करके व अन्य सम्पूर्ण कार्यवाही करके जेल भेज दिया गया। उल्लेखनीय कार्य में उप निरीक्षक सीपीएस चौहान, एसआई सुनील सिकरवार, एएसआई आर.डी. चांचरी एएसआई दलवीर तोमर,प्रधान आरक्षक दीपक करोटिया, आरक्षकों में सतेन्द्र सिंह यादव, रायसिंह गुर्जर, रामबरन सिंह, शिवंशकर कुशवाह थाना बरसो के स्टाफ की अहम महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ग्राम पंचायत रायतपुरा के स्टेशन का पुरा में मुंबई से पहुंचे डॉ यतींद्र अग्रवाल ने पीने के पानी को शुद्ध करने के बताया तरीका



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्रामपंचायत रायतपुरा के स्टेशन का पुरा में हर घर में लोग विकलांग हो रहे हैं इस समस्या को लेकर जब पीएचई विभाग द्वारा पानी की जांच कराई गई तो फ्लोराइड की मात्रा अधिक बताई गई जिस पर पीएचई विभाग ने बोर करा कर वहां पीने के लिए पानी उपलब्ध कराया है जैसे ही सूचना मुंबई में डॉक्टर यतींद्र अग्रवाल को लगी तो उन्हें उन्हें स्टेशन का पुरा में पहुंचकर पानी की जांच की और पानी शुद्ध करने का तरीका बताया जब पानी के सैंपल जांच किए तो उसमें शासकीय नलकूप सहित 3 जगह का पानी सही बताया साथ ही फ्लोराइड की अधिक मात्रा वाले पानी को भी शुद्ध करने का सौम्य ब सरल तरीका ग्रामीणों को बताया इस मौके पर डॉ यतीन्द्र अग्रवाल के साथ डीएफओ मोहम्मद माज, रेंजर फॉरेस्ट विभाग बसंत शर्मा ,नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव ,पटवारी गण महेंद्र भदौरिया संदीप जैन एवं पीएचई अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज़ गर्मी, मौतो का कहर!

**जलवायु परिवर्तन: मौसम विभाग यूपी, बिहार, हरियाणा, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में गंभीर हीटवेव का खतरा बतला रहा।**

> तेज गर्मी से बिहार के भोजपुर जलि में एक दिन में 25 मौतें होने की खबर है, वहीं यूपी के बलिया में जलिा अस्पताल में पिछले 48 घंटे में आठ और लोगों की मौत होने की सूचना है। देवरिया, आजमगढ और वाराणसी के अस्पतालों में भी गर्मी के चलते मौतों के मामले सामने आए हैं। यूपी में कई जिलों में मौतों की संख्या बढी, बिहार में डॉक्टर बोले- स्थिति दयनीय।

देश के विभिन्न हिस्सों में तेज गर्मी के बीच नागरिकों के बीमार होने की खबरें आ रही हैं। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, बिहार के भोजपुर में एक दिन में 25 मौतें हुई हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, भोजपुर जिले के आरा सदर अस्पताल में बीते पांच दिनों में हीट वेव (तेज गर्मी) के चलते पचास लोगों की मौत हुई है और यहां पहुंच रहे मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सामने आए अस्पताल के कई वीडियो बीमार मरीजों का हाल-बेहाल नजर आ रहा है। एक वीडियो में भीड़ भरे अस्पताल में स्ट्रेचर पर एक मरीज अचेत नजर आ रहे हैं और उनके परिजन तलवे रगड़ रहे हैं। एक अन्य वीडियो में चार अस्पतालकर्मी एक मरीज को बिना स्ट्रेचर के लटकाकर लाते दिख रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, एक वीडियो में अस्पताल के एक डॉ। आशुतोष को प्रशासन से मदद की मांग करते सुना जा सकता है। वो कहते हैं, 'हमारे पास पर्याप्त स्टाफ नहीं है। कृपया और ऑक्सीजन सिलेंडर अरेंज करने में मदद कीजिए।कोई फोन का जवाब नहीं दे रहा है। बहुत दयनीय स्थिति है।'

कॉल के बाद उन्होंने चैनल के संवाददाता से कहा कि इंतजाम किए जा रहे हैं। एक अन्य डॉ। ऋषि ने बताया, 'लू लगने के चलते बीमार हुए 35 मरीज लाए गए थे और करीब 25 की आज मौत हो गई। जिन मरीजों की जान गई है, वे बुजुर्ग थे, उन्हें तेज बुखार और लू लगने के लक्षण थे।

प्रभात खबर के अनुसार, आरा में गर्मी से प्रतिदिन 15 से 20 मौतें हो रही हैं। अखबार के अनुसार, लगातार मौतों के चलते दाह संस्कार के लिए लकड़ियों की कमी की भी खबर आई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, झारखंड, विदर्भ, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों में गंभीर हीटवेव की स्थिति की संभावना जाहिर की है।

उधर, यूपी के बलिया में जिला अस्पताल में पिछले 48 घंटे में आठ और लोगों की मौत होने की सूचना मिली है। हिंदुस्तान के अनुसार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बुधवार को मीडिया से कहा कि पिछले 24 घंटों में अस्पताल में 100 मरीज भर्ती हुए। 19 जून को पांच व 20 जून को तीन लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि वहां प्रतिदिन पांच से सात मौतें सामान्य बात हैं और अस्पताल में हर तरह के संसाधन मौजूद हैं।

उधर, जिले में मरीजों की मौत की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा भेजी टीम का नेतृत्व कर रहे निदेशक (संचारी रोग) डॉक्टर एके सिंह ने बुधवार को दावा किया कि जिले में लू की वजह से एक भी मौत नहीं हुई है। उनका कहना था कि हालिया मौतें लू के कारण नहीं, बल्कि पुरानी बीमारी और वृद्धावस्था के चलते हुई हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, बलिया के पड़ोसी ज़लि देवरिया में भी स्थिति बेहतर नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, यहां बीते 24 घंटों में हीटवेव के चलते 54 मौतें हुई हैं।

हालांकि, देवरिया मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ। राजेश बरनवाल ने गर्मी से होने वाली मौतों से इनकार किया है। उन्होंने कहा, 'हमारे मेडिकल कॉलेज में आए कुछ लोगों की पिछले कुछ दिनों में मृत्यु हो गई थी, लेकिन कोई भी हीट स्ट्रोक के चलते नहीं हुई, जैसा कि मीडिया के एक तबके द्वारा बताया जा रहा है।'

बरनवाल ने आगे बताया, '1 से 18 जून के बीच मेडिकल कॉलेज में 126 मौतों की सूचना है। इनमें से 38 सेरेब्रोवास्कुलर दुर्घटनाओं /स्ट्रोक के कारण हुईं, इसके बाद 36 मल्टीपल ऑर्गन फेलयर के चलते। 24 मौतें श्वसन संबंधी बीमारियों से हुईं और 13 की वजह कोरोनरी धमनी रोग थे। अन्य मौतों की वजह ट्रामा (6), विषाक्तता (3), पुराने गुर्दा रोग (1) और शराब से विषाक्तता (1) जिम्मेदार थे।

उन्होंने कहा कि 18 जून को 18 मौतें हुईं। इसी प्रकार 17 जून को 30, 16 जून को 9 और 15 जून 12 मौतें हुईं।खबर है कि वाराणसी के सरकारी अस्पंतालों में 12 घंटे में 9 लोगों की मौत हुई। आजमगढ़ में मंगलवार शाम से बुधवार दोपहर तक दस लोगों की मौत हुई, जिनमें से अधिकतर बुखार से पीड़ति मरीज थे।

*(साभार- दवायर)*

## समाचार विश्लेषण : पिघल जाएंगे हिंदुकुश के 75 फीसदी ग्लेशियर

> हिमालय के हिंदुकुश इलाके में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। एक नई रिपोर्ट में ये दावा किया गया है कि सदी के अंत तक हिंदुकुश ग्लेशियर अपना 75 फीसदी हिस्सा खो सकते हैं, यानी ग्लेशियर पिघल जाएंगे।

काठमांडू के इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इस इलाके में ग्लेशियर 65 फीसदी ज्यादा तेजी से पिघले जो अनुमानों से परे एक भयानक सच है। रिपोर्ट के प्रमुख लेखक और पर्यावरणविद फिलीपस वेस्टर के मुताबिक अगर बर्फ इतनी ही तेजी के साथ पिघलती रही तो हम अगले 100 सालों में ग्लेशियर खो देंगे।

हिमालय का हिंदुकुश इलाका 3,500 किलोमीटर तक अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमार सहित नेपाल और पाकिस्तान तक फैला हुआ है लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, 2100 तक इन सभी इलाकों के ग्लेशियर अपना 30-50 प्रतिशत हिस्सा खो देंगे। हालांकि कहां कितनी बर्फ पिघलेगी, इसमें भौगोलिक स्थिति के हिसाब से भिन्नता देखने को मिल सकती है। 3 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने पर पूर्वी हिमालय, जिसमें नेपाल और भूटान शामिल हैं, अपनी 75 प्रतिशत तक बर्फ खो देंगे। वहीं 4 डिग्री तापमान बढ़ने पर 80 प्रतिशत तक बर्फ पिघलने का खतरा है। ध्यान देने वाली बात है कि वैज्ञानिकों के लिए जलवायु परिवर्तन का हिन्दूकुश पर असर का आकलन दुविधा भरा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस क्षेत्र का पहले से कोई ऐसा लंबा तिहासिक रिकॉर्ड नहीं रहा है जो ये बताये कि ग्लेशियर बढ़ रहे हैं या सिकुड़ रहे हैं। जबकि यूरोपीय आल्प्स या अमेरिकी रॉकी पर्वतमालाओं के बारे में ऐसे अनुमान लगाना मुमकिन रहा है।

2019 में अमेरिका ने इस क्षेत्र में ग्लेशियरों की कुछ ऐसी तस्वीरों को गुप्त सूचना की श्रेणी से बाहर किया जो जासूसी उपग्रहों से ली गयी थी। साल 1970 में ली गयी ये तस्वीरें एक नया वैज्ञानिक आधार देती हैं। पिछले पांच सालों में उपग्रहों तकनीक में हुए जबरदस्त विकास ने भी ग्लेशियर में आए बदलावों को समझने में वैज्ञानिकों की मदद की है। इससे जलवायु में बदलाव और बढ़ती गर्मी के हिन्दूकुश पर असर का आकलन मुमकिन हुआ है।

इस नई समझ के साथ ही पैदा होती है हिमालय के इस इलाके में रहने वाले लोगों के लिए गंभीर और बहुआयामी चिंताएं। रिपोर्ट में पाया गया कि इस क्षेत्र की गंगा, सिंधु और मेकांग समेत 12 नदी घाटियों में पानी का प्रवाह आने वाले वक्त में चरम पर होने की संभावना है। परिणाम ये कि 1.6 बिलियन से ज्यादा लोग इससे प्रभावित होंगे।

फिलपस वेस्टर कहते हैं- ऐसा लग सकता है कि हमारे पास अधिक पानी होगा क्योंकि ग्लेशियर बढ़ी हुई दर से पिघल रहे हैं। पहाड़ों में बहुत से ऐसे समुदाय हैं जो ग्लेशियर का पानी और पिघली हुई बर्फ के पानी से अपने खेतों की सिंचाई करते हैं।

लेकिन अब बर्फ गिरने का समय अनिश्चित होता जा रहा है। साथ ही मात्रा भी कम हो गई है। इसके व्यापक असर हैं। जैसे रिपोर्ट की सह लेखक अमीना महाजन कहती हैं कि गर्मियों में याक को ऊंचे चरागाहों पर जाना पड़ता है जिसके कारण उनकी भारी मात्रा में मौत हो रही है।" महाजन आईसीआईएमओडी में आजीविका और प्रवासन की वरिष्ठ विशेषज्ञ हैं। जल्दी बर्फ गिरने का दुष्प्रभाव ये होता है कि सब जगह बर्फ भर जाती है और याक को चरने के लिए घास नहीं मिलती।

**अपनी बात**
**संपादकीय**

## सार्थकता के सूत्र

> आम जन यह जानना चाहेंगे कि अगर मोदी को हटाने में सफलता मिल गई, तो उसके बाद ये दल मिलकर किस तरह का शासन देंगे? क्या उनके पास देश और जन कल्याण का कोई अलग सपना और कार्यक्रम है?

*पटना में आज हो रही विपक्षी दलों की बैठक से देश में भाजपा शासन से मुक्ति की इच्छा रखने वाले लोगों की बड़ी उम्मीदें हैं। इसके बावजूद कि इस बैठक से ठीक पहले अनेक विपक्षी दलों का जो रुख दिखा है, उससे बहुत ज्यादा उम्मीद बांधने की वजह नहीं दिखती। इसके पहले कि ये दल नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के खिलाफ किसी उद्देश्य की एकता दिखाएं, फिलहाल उनके बीच होड़ यह सुनिश्चित करने की दिखती है कि उनके अपने 'गढ़' में कोई दूसरा भाजपा विरोधी दल ना घुस आए। सबसे पहले इस सोच का मुजाहिरा के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति ने किया। पार्टी का पहला कांग्रेस है, यह जताने में उसके नेताओं ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिर ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव ने भी यह शर्त रख दी कि "उनके राज्यों" में कोई अन्य दल सीट पर दावा ना जताए। यहां तक कि तेजस्वी यादव भी कह चुके हैं कि गठबंधन के मामले में प्रदेशों में वहां की प्रमुख गैर-भाजपा पार्टी को 'ड्राइवर की सीट' पर बैठने देना चाहिए। इन सारी बयानबाजियों में जो बात गायब रही है, वो यह है कि आखिर ये दल इकट्ठा किसलिए हो रहे हैं?*

*क्या 'मोदी हटाओ' के अलावा भी कोई एजेंडा है, जिस पर उनके बीच सहमति है? जबकि आम जन यह जानना चाहेंगे कि अगर मोदी को हटाने में सफलता मिल गई, तो उसके बाद ये दल मिलकर किस तरह का शासन देंगे? क्या उनके पास देश और जन कल्याण का कोई अलग सपना और कार्यक्रम है? अगर इन बातों पर सकारात्मक संदेश देने में पटना की बैठक नाकाम रही, तो इस विपक्षी प्रयास का भी विफल होना तय है। अब निगाहें इस पर रहेंगी कि क्या पटना बैठक की तैयारी में इन दलों ने ऐसा कोई कार्यक्रम तैयार किया है, जिस पर वहां आ रहे सभी नेता अपने को वचनबद्ध करेंगे? ऐसा उन्होंने ऐसा किया, तो विपक्षी एकता का प्रयास सार्थक हो सकता है।*

## हल होगा कर्ज संकट?

> विकासशील देशों के कर्ज संकट पर पेरिस बैठक से कितनी उम्मीद जोड़ी जाए? क्या खासकर प्राइवेट कंपनियां ऐसी उदारता दिखाएंगी, जिससे दुनिया में गरीबी कम करने और जलवायु बचाने के संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्यों की तरफ प्रगति का रास्ता खुल सकेगा?

*फ्रांस की राजधानी पेरिस पर तमाम गरीब और विकासशील देशों की निगाहें लगी हैं। गुरुवार और शुक्रवार को यहां एक सम्मेलन हो रहा है, जिसका मकसद दुनिया के लिए नया वित्तीय करार करना है। लगभग 50 देशों के तो राष्ट्राध्यक्ष या सरकार प्रमुख इस बैठक के लिए पेरिस पहुंचे हैं। उनके अलावा वित्तीय संस्थानों और गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में वहां गए हैं। इस बैठक के लिए पहल बारबेडोस ने की, इसलिए इसे 'ब्रिजटाउन इनिशिएटिव' के नाम से जाना गया है। चर्चा का केंद्र गरीबी, ग्लोबल वॉर्मिंग और जलवायु संकट से निपटने के लिए उपयुक्त वित्तीय व्यवस्था तैयार करने पर केंद्रित रहेगी। बारबेडोस, केन्या, घाना जैसे कर्ज संकट से जूझ रहे देशों के अलाव अमेरिका, चीन और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि भी इसमें हिस्सेदारी कर रहे हैं।*

*संकट यह है कि कोरोना महामारी, यूक्रेन युद्ध और अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने के कारण दर्जनों देश कर्ज संकट का शिकार हो गए हैं। ये देश गरीबी उन्मूलन और जलवायु परिवर्तन से निपटने जैसे उद्देश्यों के लिए रखे गए धन से फिलहाल कर्ज चुका रहे हैं। इसीलिए अब यह चर्चा होगी कि इन देशों को कैसे राहत मिले। ऐसे उपायों की जरूरत महसूस की गई है, जिनसे इन देशों के विकास संबंधी जरूरतों और जलवायु संकट से जूझने के लिए जरूरी धन मुहैया हो सके। जलवायु संकट की मार झेलने वाले देशों की कतार में सबसे आगे खड़े कैरेबियाई देश बारबेडोस की प्रधानमंत्री मिया मोत्ले ने ध्यान इस ओर खींचा है कि जलवायु आपदाओं से निपटने का बोझ विकासशील देशों पर आ पड़ा है। ऐसा ना हो, इसके लिए वैश्विक संगठनों की ऋण व्यवस्था को दुरुस्त करने और जरूरतमंद देशों को आसान शर्तों पर उधार देने के उपाय करना बेहद जरूरी है। इस दिशा में सबसे पहला कदम यह होगा कि कर्जदाता संस्थाएं, सरकारें और प्राइवेट कंपनियां गरीब देशों को ऋण राहत दें। मगर क्या इस पर सहमति बनेगी? क्या खासकर प्राइवेट कंपनियां ऐसी उदारता दिखाएंगी, जिससे दुनिया में गरीबी कम करने और जलवायु बचाने के संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्यों की तरफ प्रगति का रास्ता खुल सके?*



अशोक 'प्रवृद्ध'

**डॉ. मुखर्जी वीर सावरकर की विचारधारा और कार्यों से बहुत प्रभावित हुए और हिन्दू महासभा के सदस्य बने, जहां उन्होंने 1943 से 1946 तक कई उच्च पदों पर कार्य किया। 6 जुलाई 1901 में कलकता वर्तमान कोलकाता में एक बंगाली हिन्दू परिवार में जन्मे श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने शानदार उपलब्धियों से भरा एक राष्ट्रवादी संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत किया। लेकिन उनकी यह राष्ट्रवादी यात्रा 23 जून 1953 में अचानक रुक गई थी, और कश्मीर के लिए लड़ने के लिए समर्पित उनके जीवन का अंतिम भाग दुखद रूप से छोटा हो गया था, जब भारत में राज्य के एकीकरण के मुद्दे पर गिरफ्तारी के दौरान श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई थी।**


# राष्ट्रीय अखण्डता के देवदूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

एक शिक्षाविद, एक वकील, एक स्वतंत्रता सेनानी, भारत की पहली कैबिनेट में मंत्री, एक बहुआयामी प्रतिभा के स्वामी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत के शैक्षिक और राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में एक बड़ी भूमिका निभाई थी। राष्ट्रीय अखण्डता की रक्षा में जीवन व्यतीत कर देने वाले भारतीय जनता पार्टी के मूल पार्टी भारतीय जनसंघ के संस्थापक, राष्ट्रवाद के पुरोधा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर को भारत की अखण्डता का अंग साबित करने में अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मुस्लिम तुष्टीकरण के प्रबल विरोधी थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे व धारा 370 का कड़ा विरोध किया और राज्य के भारत में पूर्ण एकीकरण के आह्वान का नेतृत्व किया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आग्रह को यदि तत्कालीन सरकार स्वीकार कर लेती, तो आज यह भू-भाग लहुलुहान न होता। धारा 370 की समाप्ति के बाद भी आज जो जम्मू- कश्मीर की स्थिति है, वह नहीं होती।

6 जुलाई 1901 में कलकता वर्तमान कोलकाता में एक बंगाली हिन्दू परिवार में जन्मे श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने शानदार उपलब्धियों से भरा एक राष्ट्रवादी संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत किया। लेकिन उनकी यह राष्ट्रवादी यात्रा 23 जून 1953 में अचानक रुक गई थी, और कश्मीर के लिए लड़ने के लिए समर्पित उनके जीवन का अंतिम भाग दुखद रूप से छोटा हो गया था, जब भारत में राज्य के एकीकरण के मुद्दे पर गिरफ्तारी के दौरान श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई थी।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पिता आशुतोष मुखर्जी कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति थे। ऐसे उच्च परिवार में जन्म लेने के कारण डॉ. मुखर्जी ने स्वाभाविक रूप से अपनी पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने उत्कृष्ट ग्रेड के साथ अपनी कानून की परीक्षा उत्तीर्ण की और बैरिस्टर बनने के लिए लंदन में अध्ययन करने चले गए। उन्होंने स्नातकोत्तर की डिग्री भी हासिल की। वे मात्र 24 वर्ष की अल्पायु में ही कलकत्ता विश्वविद्यालय के प्रशासन में शामिल होने लगे थे। वे पहले यूनिवर्सिटी सीनेट के सदस्य बने और बाद में 1934 में 33 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के कलकत्ता विश्वविद्यायालय के उपकुलपति अर्थात वाइस चांसलर बने। वह 1938 तक इस पद पर रहे। विश्वविद्यालय के साथ उनका जुड़ाव और योगदान बाद में भी जारी रहा।

अपने वाइस चांसलरशिप के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय में कई सुधारों की शुरुआत की। कई नए पाठ्यक्रम आरम्भ किए और प्रशासन में बंगाली भाषा के उपयोग और महत्त्व को बढ़ाया। उन्होंने भाषा में कई शब्दों को औपचारिक रूप देने के लिए एक बंगाली शब्दकोश के निर्माण की भी पहल की। अपने जीवन के इस चरण के दौरान उन्होंने कलकत्ता के उच्च न्यायालय में कुछ समय के लिए कानून का अभ्यास भी किया। उन्हें सांप्रदायिकता कतई बर्दाश्त नहीं थी। इसलिए उन्हें राजनीति में पर्दापण करने को विवश होना पड़ा। मोहनदास करमचन्द गांधी ने उन्हें कांग्रेस की सदस्यता के लिए निमन्त्रण दी। उन्होंने 1929 में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की, और बंगाल विधानसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुने गए। 1930 में कांग्रेस द्वारा विधानमंडल के बहिष्कार के कारण उन्होंने अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया। यद्यपि वे सैद्धांतिक रूप से पार्टी के रुख से असहमत थे, इसलिए उसी वर्ष फिर से एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव के लिए खड़े हुए और



**23 जून - डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस**

अपनी सीट जीत ली।

डॉ. मुखर्जी वीर सावरकर की विचारधारा और कार्यों से बहुत प्रभावित हुए और हिन्दू महासभा के सदस्य बने, जहां उन्होंने 1943 से 1946 तक कई उच्च पदों पर कार्य किया। डॉ.मुखर्जी मुस्लिम लीग के सांप्रदायिक प्रभाव के विस्तार और प्रभाव को रोकने तथा हिन्दुओं को एकजुट करने के प्रयास में लगे रहते थे। इसलिए मुखर्जी के हिन्दू महासभा की बागडोर संभालते ही बंगाल में भगवा परचम फहरा गया। इस प्रकार डॉ.मुखर्जी ने मुस्लिम लीग और कांग्रेस के प्रभाव वाली सरकार के बजाय एक असांप्रादयिक सरकार देने का श्रेय प्राप्त किया। उन्हीं दिनों मिदनापुर में बाढ़ आयी। तबाही हुई, लेकिन तत्कालीन गवर्नर ने मिदनापुर को राहत नहीं पहुंचायी। क्योंकि इस क्षेत्र की जनता ने भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया था। इसके प्रतिरोध में श्यामाप्रसाद मुखर्जी विरोध स्वरूप इस्तीफ़ा देकर सरकार से बाहर हो गए। उन्होंने मंत्री पद भी ठुकरा दी। और तत्कालीन अंग्रेज सरकार की जोरदार शब्दों में भर्त्सना की। परिणामस्वरूप डॉ. मुखर्जी के वक्तव्यों के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। अपना मंत्री-पद छोड़ने के बाद, उन्होंने पूरा समय अकाल राहत कार्य में लगाया। उनके मार्गदर्शन में हजारों लोगों को राहत और पुनर्वास प्रदान किया गया। कुख्यात ढाका दंगों और कलकत्ता हत्याओं के दौरान, डॉ. मुखर्जी ने दंगों को शांत करने और पीड़ितों के पुनर्वास और न्याय के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह बंगाल में हिन्दुओं के लिए एक मजबूत आवाज बने।

1941 में उन्होंने फजलुल-हक के साथ समन्वय किया। और उनकी कृषक प्रजा पार्टी सरकार में शामिल हुई और बंगाल कैबिनेट में वे वित्त मंत्री बने। उनके साथ हिन्दू महासभा भी कांग्रेस के प्रयासों के खिलाफ मुस्लिम लीग को सत्ता से बाहर रखने में सफल रही। जब 1946-47 में यह स्पष्ट हो गया कि भारत का विभाजन अवश्यंभावी है, तो उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए एक आंदोलन का नेतृत्व किया कि बंगाल राज्य का पूरी तरह से पाकिस्तान में विलय नहीं हो। उनका मानना था कि ऐसा कदम हिन्दुओं के लिए विनाशकारी होगा। उनके नेतृत्व में, बंगाल को पश्चिम और पूर्व डिवीजनों में विभाजित करने के प्रयास सफल हुए, और पश्चिम बंगाल भारत के साथ एकीकृत हो गया और एक हिन्दू बहुसंख्यक राज्य बन गया।

1946 में चुनाव घोषित होने पर मुस्लिम लीग के प्रभाव को रोकने के लिए डॉ.मुखर्जी के पं.नेहरू से हिन्दू महासभा को कुछ सीटें देने की मांग करने के बावजूद नेहरु ने कोई सीट महासभा को नहीं दी। फलतः मुस्लिम लीग का प्रभाव बढ़ा। और भारत विभाजन की मांग ने जोर पकड़ा। तब तक बंगाल को आजाद करने का जोर पकड़ने लगा था। जिसका डॉ.मुखर्जी ने सिरे से विरोध किया, और ऐसा नहीं होने दिया। फिर भी भारत विभाजन रोका नहीं जा सका। और देश के विभाजन के साथ स्वतंत्रता मिली। राष्ट्रीय सरकार में कांग्रेस का बहुमत था। लेकिन चौदह सदस्यीय सरकार में जो 7 मंत्री गैर कांग्रेसी थे, उनमें मोहनदास करमचन्द गांधी की पहल पर डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी प्रथम थे। उद्योग मंत्री के रूप में डा. मुखर्जी ने सिंदरी खाद कारखाना, चितंरजन रेल इंजिन कारखाना और एचएमटी की स्थापना की। 1949 में पूर्वी पाकिस्तान में दंगों के शिकार लाखों हिन्दुओं को पलायन के लिए विवश होना पड़ा। गृहमंत्री सरदार पटेल ने इनके लिए पाकिस्तान से इलाका मांगने का प्रस्ताव किया। लेकिन जवाहर लाल नेहरू ने अनसुना करके लियाकत अली पेक्ट कर लिया। शरणार्थी हिन्दुओं को भुला दिया। इस पर डा.मुखर्जी ने राष्ट्रीय सरकार से इस्तीफा दे दिया ।

बंगलादेश में गांधी हत्याकांड के बाद राष्ट्रवादियों पर कहर बरपा दिया गया। अकारण 17 हजार स्वयंसेवक जेल में ठूंस दिये गये। लेकिन इन दमन, उत्पीडन की किसी विधानमंडल, सदन में चर्चा तक नहीं हुई। देश की इस राजनैतिक परिप्रेक्ष्य में भारतीय जनसंघ की स्थापना की गई। 1951 के चुनाव में जनसंघ ने अपने जोहर दिखाये और चार राष्ट्रीय दलों के समकक्ष खड़ा हो गया।

# ट्रैक्टर बस ने मारी टक्कर, बस चालक फरार

## मलनपुर थाना 108 एमरजैंसी एम्बुलेंस के द्वारा पहुंचाया गया जिला अस्पताल मुरार

*भिण्ड। मालनपुर रोड पर दौड़ रहे ट्रैक्टर को अनजान बस चालक ने मारी टक्कर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार , घटना शुक्रवार दोपहर 2ः00 बजे की है,मालनपुर थाने के पास गुरिखा पेड़ा से कुछ दूर आगे पेट्रोल पंप के पास बने मंदिर पर ट्रैक्टर द्वारा अपने परिवार की शादी में शामिल होने के बाद ग्वालियर से अपने निजी गांव सोनी के पास सेंथरी वापस जा रहे ट्रैक्टर चालक अमरजीत पिता प्रकाश उम्र 35 साल अपने पिताजी अपनी बुआ जी,बहन और पत्नी के साथ जा रहा था तभी ट्रैक्टर में बैठे सभी परिजनों को ट्रैक्टर सहित अनजान बस चालक ने बस से टक्कर मार दी ट्रैक्टर में टक्कर लगते ही ट्रैक्टर बेकाबू होकर पास में रखे चाय की गुमठी में अनियंत्रित होकर घुस गया।ये तो गनीमत रही कि उस समय उस गुमठी में कोई भी मौजूद नहीं था अन्यथा कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था टक्कर लगते ही चीख-पुकार मच गई। चीख-पुकार सुनते ही पास ही में बने मंदिर से कुछ लोग भाग कर*



*आए, तब तक बस वाला बस लेकर फरार हो गया।ट्रैक्टर चालक अमरजीत के पैर में चोट आई है अमरजीत की गंभीर अवस्था को देखते हुए पास खड़े व्यक्ति ने इमरजेंसी 108 एंबुलेंस के लिए फोन लगा दिया। एक्सीडेंट की खबर मिलते ही मालनपुर थाना 108 इमरजेंसी एंबुलेंस सीजी04 एन एस 8056 के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी अपने सहयोगी ईएमटी आनंद धर्मेश के साथ शीघ्र गुरीखा पेड़ा मंदिर के पास घटनास्थल पर पहुंचकर घायल अमरजीत के पैर की गंभीर अवस्था को देखते हुए घायल अमरजीत को शीघ्र एंबुलेंस द्वारा मालनपुर स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए।प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने घायल अमरजीत की गंभीर अवस्था को देखते हुए शीघ्र जिला अस्पताल मुरार के लिए रेफर कर दिया।मुरारी लाल गोस्वामी ने शीघ्र घायल मरीज अमरजीत को मुरार जिला स्थल पहुंचाया जिससे समय पर अमरजीत को सही इलाज मिल सका।*



# उदयपुर छात्रावास निमित सम्मेलन आई माताजी वडेर कलम्बोली: पनवेल में

**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

मुम्बई। सीरवी शिक्षण संस्थान के सम्मानित कार्यकारिणी सदस्यों की एक आवश्यक मिटिंग सुबह 10.00 बजे काकाजी नी वाडी, न्यु पनवेल किशोर कालुराम पंवार बाडसा वालो के यहाँ रखी गई है, जिसमें दिनांक 25.06.2023, रविवार को सीरवी छात्रावास उदयपुर हेतु होने जा रहे कार्यक्रम में सभी तरह की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया! इस कार्यक्रम में रामलाल सैणचा, गांधीधाम की अध्यक्षता में एवं धनाराम गहलोत, पनवेल कोषाध्यक्ष, सचिव दौलाराम सोलंकी, उदयपुर, कार्यकारिणी सदस्य किशोर पवार पनवेल, टीकमराम पंवार, कलम्बोली, अमरचंद सेपटा, खारघर रतीलाल परमार, साकीनाका रामलाल वर्फा, कलंबोली, प्रमोद लच्छेटा, खारघर, वालाराम गेहलोत अध्यक्ष खारघर, सुरेश वर्फा, खारघर आदि सदस्य उपस्थित रहे। विदित रहे उदयपुर छात्रावास निमित्त खरीदे गये भूखंड का भू-रुपांतरण व इसका प्लान यूआईटी उदयपुर द्वारा पास कर लिया गया है। उदयपुर छात्रावास निर्माण कार्य संबंधित आगें की कार्ययोजना बनाने तथा विचार विमर्श हेतु समस्त समाज बन्धुओं की एक आम सभा दिनांक 25-06-2023, रविवार को प्रातः 9.30 बजे कलम्बोली बडेर, नवी मुम्बई में रखी गई है। उदयपुर संस्थान के सचिव दोलाराम ने कहा कि समय अभाव के कारण संस्थान सदस्यों द्वारा आप सभी तक पहुंचना संभव नही हो पा रहा हैं । इसलिए इन्होनें आप समाज बन्धुओं से करबद्ध निवेदन किया है कि कृपया उदयपुर में अध्ययनरत 500-550 समाज के विद्यार्थियों के हित में व समाज में शिक्षा को बढावा देने व इस बहुप्रतिक्षित उदयपुर छात्रावास निर्माण पर अपनी राय, सुझाव, सहयोग हेतु इस समारोह में समय में से समय निकालकर पधारेंने का आह्वान किया ।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 466 वर-वधु को दिया आशीर्वाद

## बिना भेदभाव के बहनों की जिंदगी बदलना मकसद, महिला सशक्तिकरण की दुनिया की अद्भुत और सबसे बड़ी योजना है लाडली बहना योजना, 21 वर्ष की बहनों को भी मिलेंगे 1000 रुपए, लाड़ली बहनों को राशि बड़ाकर 3000 तक दी जाएगी





**रघुवर दयाल गोहिया**

सीहोर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि उनकी सरकार और उनका एक ही मकसद है कि बेटियों और बहनों की जिंदगी जाति, समाज और धर्म के भेदभाव के बिना खुशगवार बन जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान शुक्रवार को सीहोर जिले के भेरूंदा जनपद के ग्राम गिल्लौर में 466 वर वधु को आशीर्वाद देते हुए और उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना करते हुए वर वधु और आमजन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर श्रीमती साधना सिंह भी उनके साथ में थी। मुख्यमंत्री श्री चौहान के समक्ष ही यहां 423 कन्याओं का विवाह और 43 निकाह संपन्न हुए। उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से 5 वधुओ को 49-49 हजार रुपए की राशि के चैक भी प्रदान किए और अपने मन पसन्द गृहस्थी का सामान खरीदने की अपील की। उन्होंने कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह को निर्देश दिए कि शेष वर वधु को भी आज ही यह राशि दी जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान और उनकी पत्नी श्रीमती साधना सिंह ने प्रायः सभी वर वधु तक पहुंचते हुए उनपर पुष्प वर्षा भी की।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाडली बहना योजना महिला सशक्तिकरण की दुनिया की अद्भुत और सबसे बड़ी योजना है, जो बहनों की जिंदगी को बदलने में कारगर साबित होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने छोटी-छोटी जरूरतों के लिए बहनों को मजबूर देखा है लेकिन अब बहने मजबूत होंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने फिर दोहराया कि अब 21 वर्ष की लाडली बहनों को भी 1000 रुपए प्रति माह की राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वे 250 रुपए के मान से धीरे-धीरे राशि बड़ाते हुए लाडली बहनों को 3000 रुपए तक की राशि प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीब परिवार बेटियो को बोझ न माने और इसी सोच का नतीजा था कि लाडली लक्ष्मी, कन्या विवाह, प्रतिभा किरण, लाडली बहना जैसी अनेक क्रांतिकारी योजनाएं बनाकर उन्हें जमीन पर उतारा गया है। उन्होंने कहा कि अब बारहवीं में प्रवीण्य सूची में आने वाले बेटे और बेटियो को स्कूटी भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बहन बेटियों के कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जब तक जीवन है बहन बेटियों के आंख से आंसू न आए ऐसे प्रयास करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि वे चाहते है कि आजीविका मिशन के माध्यम से बहने रोजगार प्रारंभ कर कम से कम हर माह 10 हजार रुपए कमाने लगे। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि वे बहनों को लखपति बनाकर ही दम लेंगे। उन्होंने बहन बेटियों का आव्हान किया कि वे घर परिवार और समाज को खुशहाल बनाने में योगदान दे। उन्होंने बहनों से कहा कि वे संकल्प ले कि वे गरीब नही रहेंगी और न कभी आंसू बहाएंगी। उन्होंने कहा कि बहनों को शासन की योजनाओ का लाभ सुनिश्चित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रायः सभी वर वधु से मिले और बेटियों को शुभ आशीष देते हुए कहा कि उन्हें पांव में कांटा भी न गड़े और वे फूले फले यही आशीर्वाद है।

**यह थे उपस्थित**-सामूहिक विवाह सम्मेलन में सांसद श्री रमाकांत भार्गव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र सिंह राजपूत, श्री गुरू प्रसाद शर्मा, आदिवासी वित्त विकास निगम अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बारेला, सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महेश उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रवि मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष श्री मारूति शिशिर, जनपद अध्यक्ष श्री मंजू अवध पटेल, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री दर्शन सिंह चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मौ मंण्डल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया डॉ मुखर्जी का बलिदान दिवस

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ. वेताल सिंह गौड़**




मौं। भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस भाजपा मंडल मौं के कार्यकर्ताओं ने बूथ केंद्रों पर मनाया और इस महान योद्धा को नमन करते हुए उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए मौं नगर मैं बूथ क्रमांक 258 पर आयोजित वलिदान दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जगत सिंह कुशबाह अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने की। इस अबसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिला मंत्री जगत सिंह कुशबाह ने कहा की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अखंड भारत का महान शिक्षविद बताया और कहां मुखर्जी कश्मीर राज्य को एक अलग दर्जा दिए जाने के घोर विरोधी थे उन्होंने इसके लिए एक बड़ा आंदोलन छेड़ा वह जम्मू-कश्मीर के अलग झंडे अलग प्रधानमंत्री और अलग संविधान के विरोधी थे उनको यह बात नागवार लगती थी वहां का मुख्यमंत्री वजीरे आजम प्रधानमंत्री कहलाता था। ऐसे महान योद्धा को आज हम सब लोग शत शत नमन करते हैं सच्चे अर्थों में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटा कर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर सच्ची श्रद्धांजलि दी है यह हम सब कार्यकर्ताओं के लिए गौरव की बात है बैठक का संचालन महामंत्री राजू मिश्रा एबम आभार प्रकट कार्यालय मंत्री बेताल गौंड ने किया डॉक्टर मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से रामख्तयार गुर्जर कप्तान कुशबाह सोनू खांन अमजद खांन शुभंम राठौंर राम यादव संन्तोष यादव पूरन गोयल पहलाद माहौर अतुल राजपूत रामकुमार जादोंन दीपक यादव बलबीर गोयल अरुण बाल्मीकि आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अटेर मैं सांसद संध्या राय और पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया ने किया जनसंपर्क

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी राष्टीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष काल काल की उपलब्धियों को लेकर चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद श्रीमती संध्या राय अटेर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया मैं निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत अटेर विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन गांव में भ्रमण कर संपर्क से समर्थन के लिए परिवारों के बीच पहुंचकर केंद्र सरकार की साहित्य एवं पुस्तक को भेंट करते हुए मिस कॉल करा कर पार्टी के लिए समर्थन मांगा। महा जनसंपर्क अभियान के तहत सांसद संध्या राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजदूर किसानों को आत्मनिर्भर की दिशा से जोड़ा गया है जितनी योजनाएं श्री मोदी के नेतृत्व में बनी उतनी कभी योजनाएं कांग्रेस की सरकारों में नहीं बनी। उन्होंने कहा भाजपा विकास की दिशा में अनेकों योजनाओं को संचालित कर रही है उन्होंने कहा की महिलाओं के लिए निशुल्क गैस कनेक्शन,समान भारत कार्ड योजना किसान सम्मान निधि किसान क्रेडिट कार्ड राष्टीय फसल बीमा योजना तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हर समाज की महिलाओं को ड़ 1000 लाडली बहना योजना के माध्यम से उनके खाते में डाली गई है उन्होंने कहा कि भिण्ड जिले में 271001 महिलाओं के फार्म भरे गए थे जिसमें 258000 से अधिक बहनों के खातों में राशि पहुंचाई गई है,यह हमारी महिला हितैषी सरकार है उन्होंने कहा कि नारी शक्ति योजना नाम पर कांग्रेस किस आधार पर महिलाओं से फार्म भरा रही है क्योंकि वह सत्ता में नहीं है उन्हें महिलाओं से फार्म भर आने का कोई अधिकार नहीं और यह मुख्यमंत्री है जो हमेशा जनता के साथ झूठ बोलकर भ्रमित करते रहते हैं।

उन्होंने कहा मिशन 2023 विधानसभा 24 लोकसभा चुनाव में भारतीय



जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद देकर प्रदेश में विकास के लिए सरकार बनाकर अपने अटेर को विकास की मुख्यधारा से जुड़े उन्होंने कहा प्रदेश सरकार में जितने कार्यशील विकास में हुए हैं उतने कभी कांग्रेस की सरकार में नहीं। अटेर के पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया ने महाजनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में किसान चौपालों में कहा कांग्रेस की 15 माह की सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने विकास के नाम पर जनता के साथ झूठ बोलकर निर्मित करते रहे रंग बिरंगे किसानों से फार्म भरा कर कर्ज माफी के नाम पर वोट लेते रहे एक भी किसान का कर्जा माफ नहीं हुआ बेरोजगारों को 4000 भत्ता देने का वादा किया था लेकिन नहीं किया अब लाडली बहना योजना के माध्यम से मारी मातृशक्ति को झूठ बोलकर 15 सौ रुपए देने का वादा करने वाले कमलनाथ उन्हें भ्रमित कर रहे हैं। कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति है। प्रदेश की जनता समझ चुकी है कि मध्य प्रदेश और देश के विकास को भाजपा ने अपनी अनेकों योजनाओं के साथ आत्मनिर्भर विकास की दिशा से जोड़ने का काम किया। केंद्र और राज्य सरकार की जन हितेषी कल्याणकारी योजनाओं को भी जनता के सामने बताया। 2023 के विधानसभा चुनाव में आप सभी एकजुट होकर भाजपा के प्रत्याशी कमल के फूल को जीता कर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद प्रदान करें फिर हमारी सरकार आपके द्वार अनेकों विकास योजनाओं के माध्यम से आगे लाकर गरीब मजदूरों किसानों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगी। महा जनसंपर्क अभियान में अटेर विधानसभा के ग्राम उदोतगढ़, गढेर,चोम्हो आदि ग्रामों में किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष ऋषि भदौरिया उल्फत सिंह जादौन शैलू भदौरिया मुलायम तोमर, दिनेश भदौरिया रमेश भदौरिया सरपंच, मायाराम, शिवम भदौरिया, पुरुषोत्तम सिंह भदौरिया आदि कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर महा जनसंपर्क अभियान के कार्यक्रम के तहत लोगों से रूबरू हुए ।

## सार समाचार

### एशेज में जीतने को प्राथमिकता नहीं देने पर इंग्लैंड पर भड़के बॉयकॉट

**लंदन,भाषा।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट ने बेन स्टोक्स एंड कंपनी को जीतने की बजाय 'बाजबॉल' को जरूरत से ज्यादा तवज्जो देने के लिये लताड़ते हुए कहा कि इससे खतरा पैदा हो गया है कि एशेज नुमाइशी श्रृंखला बनकर रह जायेगी। कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान स्टोक्स की अगुवाई में आक्रामक क्रिकेट खेल रही इंग्लैंड टीम को एजबस्टन में पहले एशेज टेस्ट में आस्ट्रेलिया ने दो विकेट से हराया। बॉयकॉट ने 'द टेलीग्राफ' के लिये अपने कॉलम में लिखा इंग्लैंड एशेज को नुमाइशी श्रृंखला बनाकर दम लेगा । बाजबॉल को इतनी तवज्जो देने से उनका नजरिया यह हो गया है कि जीत से ज्यादा मनोरंजन अहम है । इंग्लैंड के समर्थक हालांकि एशेज में जीत को सर्वोपरि रखते हैं।

उन्होंने कहा तेजी से रन बनाना, चौके छक्के जड़ना अच्छा है। लेकिन एशेज पर से नजर नहीं हटनी चाहिये। अगर आस्ट्रेलिया एशेज जीतकर ले गई तो हमें बहुत बुरा लगेगा और तब यह बेमानी हो जायेगा कि हमने कितना मनोरंजन किया। उन्होंने कहा अगर इंग्लैंड जीतने के लिये नहीं खेल रहा तो एशेज का क्या महत्व है। यह सिर्फ नुमाइशी मैच बन जायेंगे। यहां मनोरंजन नहीं जीत अहम है। क्रिकेट भी शतरंज की तरह है जहां कई मौकों पर रक्षण अपनाना पड़ता है। कई बार संयम की जरूरत होती है। सिर्फ आक्रमण ही अहम नहीं है।

### अंडर 17 एशियाई कप: भारत का सामना जापान से

**बैंकॉक,भाषा।** भारतीय टीम अंडर 17 एशियाई कप में 'करो या मरो' के आखिरी ग्रुप मैच में शुक्रवार को गत चैम्पियन जापान से खेलेगी तो उसका इरादा क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने का होगा। ग्रुप डी का मैच राजामंगला स्टेडियम पर खेला जायेगा। भारत के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस को जापान की कठिन चुनौती का अहसास है लेकिन उन्होंने कहा कि रणनीति पर अमल करने पर उनकी टीम इस बाधा को पार करने में सक्षम है। फर्नांडिस ने कहा हमारे लिये यह आसान है। हमें जापान को हराना है जिससे क्वार्टर फाइनल में जगह बना लेंगे। जापान टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक है। यह मुकाबला आसान नहीं होगा लेकिन असंभव भी नहीं। उन्होंने कहा फुटबॉल में कुछ भी हो सकता है। जापान का पलड़ा भारी है लेकिन हमें एक दो मौके मिल गए तो कुछ भी हो सकता है।' ग्रुप डी में अभी चारों टीमों के पास अंतिम आठ में पहुंचने का मौका है। भारत के लिये समीकरण कठिन है क्योंकि उसे जापान को हराने के अलावा उजबेकिस्तान और वियतनाम का मैच कम से कम ड्रॉ पर छूटने की उम्मीद करनी होगी। भारत पहले दो मैच जीत नहीं सका। उसे वियतनाम ने 1 . 1 से ड्रॉ पर रोका जबकि उजबेकिस्तान ने 1 . 0 से हराया।

# सुनील छेत्री : मेस्सी और रोनाल्डो से मुकाबला नहीं, कमतर भी नहीं

■ राजेंद्र सजवान



यह संयोग ही है कि 22 जून के समाचार पत्रों के खेल पेज पर तीन ख़बरें सुर्ख़ियों में थीं और तीनों ख़बरों का सम्बन्ध दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबाल से है। लीड खबर थी, सुनील क्षेत्री की हैट्रिक से भारत ने पकिस्तान को रौंदा। दूसरी है -'200 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले पहले खिलाडी बने क्रिस्टियानो रोनाल्डो, और तीसरी है, यूएस मेजर लीग क्लब मियामी से खेलेंगे लियोनल मेस्सी और प्रतिवर्ष 60 मिलियन अमेरिकी डालर पाएंगे। इन तीन ख़बरों का हालाँकि आपस में बस इतना ही सम्बन्ध है कि क्षेत्री, रोनाल्डो और मेस्सी अपने अपने देशों के स्टार फुटबॉलर हैं और दुनिया के सबसे अनुभवी खिलाडियों में शुमार हैं। यह भी सच है कि उनके पास खेलने का ज्यादा समय नहीं बचा है और कभी भी कोई भी बूट टांगने की घोषणा कर सकता है। ऐसा करने वाला सम्भवतया रोनाल्डो पहले खिलाडी हो सकते हैं या क्षेत्री और मेस्सी भी हो सकते हैं। रोनाल्डो और क्षेत्री 38 साल के हैं जबकि मेस्सी 35 के हैं।

पिछले बीस सालों से ये तीनों खिलाडी अपने अपने देशों और क्लबों के लिए रिकार्डतोड़ प्रदर्शन करते आ रहे हैं। जैसे जैसे इनकी उम्र बढ़ी, इनके रिकार्ड आगे बढे, इनके बीच तुलना का पैमाना भी बड़ा होता चला गया। खासकर , रोनाल्डो और मेस्सी के बीच लगातार पर्तिस्पर्धा चली आ रही है। कभी एक आगे तो दूसरा कोई करिश्मा कर उसे पीछे कर देता है। अपने देश के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने, गोल दागने, रिकार्ड कीमत पर क्लब बदलने और क्लब के लिए सर्वाधिक मैच खेलने, गोल जमाने, तिकड़ी जमाने और ढेरों अन्य रिकार्डों को लेकर तुलना होती आई है।

क़तर वर्ल्ड कप तक मेस्सी और रोनाल्डो के बीच जैसे आँख मिचोली चलती रही लेकिन मेस्सी के देश अर्जेंटीना ने खिताब जीत कर अपने सुपर स्टार का कद बहुत ऊँचा कर दिया। अपने देश को वर्ल्ड कप दिलाने में मेस्सी ने अग्रणी भूमिका निभाई और टूर्नामेंट का श्रेष्ठ खिलाडी आँका गया। बस यहीं पर आकर दो महान समकालीन खिलाडियों के बीच तुलना को थोड़ा विराम मिला। लेकिन पुर्तगाल के महानतम खिलाडी रोनाल्डो ने देश के लिए 200 वां मैच खेल कर और विजयी गोल जमा कर एक बार फिर से महान खिलाडियों के बीच की तुलना को जीवंत कर दिया है।

सुनील क्षेत्री भले ही रोनाल्डो और मेस्सी की तरह सफलताएं अर्जित नहीं कर पाए, क्योंकि फुटबाल टीम खेल है और एक टीम के रूप में भारत की हैसियत फिसड्डी देश की रही है, जिसे वर्ल्ड कप, ओलम्पिक और एशियाड तक खेलना नसीब नहीं हो पाता। कमजोर फुटबाल राष्ट्रों के विरुद्ध ही सही सुनील ने करियर के अंत तक गोलों की बरसात का सिलसिला बनाए रखा और अपने परंपरागत प्रतिद्वंद्वी पकिस्तान पर तिकड़ी जमाने का करिश्मा कर दिखाया। उसका यह प्रदर्शन भारतीय फुटबाल प्रेमियों को आनंदित जरूर करता है। ठीक वैसे ही जैसे पुर्तगाल और अर्जेंटीना को अपने फुटबाल सपूतों पर नाज़ है। बेशक, रोनाल्डो और मेस्सी के बीच आज भी तुलना की भरपूर गुंजाईश है लेकिन सुनील के बारे में इतना ही कहा जा सकता है कि आप भारतीय फुटबाल के पेले, माराडोना, मेस्सी और रोनाल्डो हैं। आपने भारतीय फुटबाल को मरने से बचाया है।

## ऑस्ट्रेलिया को अभी और काम करना है: इयान बेल

**नई दिल्ली ■**
लंदन/आईएएनएस



इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज इयान बेल का मानना है कि एजबस्टन में पहले एशेज टेस्ट के पहले दो दिनों में ऑस्ट्रेलिया डरा हुआ लग रहा था और उन्होंने कहा कि मैच दो विकेट से जीतने के बावजूद पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम को अभी भी बहुत काम करना है। कप्तान कमिंस ने एजबेस्टन में पहले एशेज टेस्ट में नाबाद 44 रन बनाये और नाथन लियोन (नाबाद 16) के साथ नौवें विकेट के लिए 55 रन की मैच विजयी साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को रोमांचक जीत दिलाई और आखिरी दिन 281 रन का सफल पीछा किया। बेल के हवाले से विजडन ने कहा, मैं यहां तक कहना चाहूंगा कि ऑस्ट्रेलिया के पास काम करने के लिए और भी बहुत कुछ है। एजबेस्टन में पहले दो दिनों के बाद, मैं यह देखकर आश्चर्यचकित था कि ऑस्ट्रेलिया कितना निष्क्रिय था।

# प्रणय क्वार्टर फाइनल में, कश्यप, रोहन -सिक्की बाहर

### प्रणय ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को 36 मिनट में 21-9, 21-17 से हराया।

**ताइपे ■** आईएएनएस/डेस्क



ताइपे ओपन 2023 में भारत के मिश्रित परिणाम जारी रहे, शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जबकि राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता परुपल्ली कश्यप और रोहन कपूर तथा एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी गुरुवार को दूसरे दौर में हार गई। प्रणय ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को 36 मिनट में 21-9, 21-17 से हराया।

जबकि कश्यप तियान-मु एरेना के कोर्ट 1 में दूसरे दौर के मुकाबले में चीनी ताइपे के ली यांग सु से 16-21, 17-21 से हार गए। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी ह्सियांग चिएन चिउ और जिओ मिन लिन की स्थानीय जोड़ी से केवल 29 मिनट में 13-21, 18-21 से हार गए। कोर्ट 2 पर सुगियार्तो के खिलाफ खेलते हुए, प्रणय, जिन्होंने पहले दौर में चीनी ताइपे के यू सीन लिन को 21-11, 21-10 से हराया था, ने 2-1 के स्कोर से सात अंक जीतकर बढ़त बना ली। उन्होंने जल्द ही इसे 11-2 तक बढ़ा दिया।

13-3 से उन्होंने अपनी बढ़त बरकरार रखी और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 इवेंट में 21-9 से पहला गेम जीत लिया, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 210,000 डॉलर है दूसरे गेम में सुगियार्तो ने संघर्ष करते हुए 5-1 की बढ़त बना ली। उन्होंने बढ़त को 8-2 तक बढ़ाया लेकिन प्रणय ने वापसी करते हुए इसे 10-7 तक कम कर दिया। उन्होंने खेल में वापसी करना जारी रखा और अंततः 15-ऑल पर सुगियार्तो को पछाड़ दिया।

भारतीय विश्व नंबर 9 ने 17-17 से चार अंक जीतकर दूसरा गेम 21-17 से जीता और क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। ली यांग सु के खिलाफ खेलते हुए, कश्यप 3-2 से आगे हो गए।

लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी ने 12-7 की बढ़त बनाने से पहले उन्हें 7-7 पर रोक लिया। 9-14 से पिछड़ने के बाद, कश्यप ने वापसी करते हुए अंतर को 14-15 तक कम कर दिया,लेकिन चीनी ताइपे स्टार ने 21-16 से गेम जीत लिया। चीनी ताइपे का शटलर दूसरे गेम में 5-1 से आगे हो गया और फिर अंतर 7-8 पर आ गया। कश्यप ने 12-ऑल पर बढ़त बना ली, इससे पहले कि उनके प्रतिद्वंद्वी ने अगले चार अंक जीतकर स्कोर 16-12 कर दिया। कश्यप ने फिर से अंतर को 16-15 से कम कर दिया और प्रत्येक अंक के लिए संघर्ष किया लेकिन चीनी ताइपे खिलाड़ी ने दूसरा गेम 21-17 से जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

## ब्रिटेन की पुरुष टीम अंतिम बाधा में लड़खड़ा गई

**स्विट्जरलैंड ■**
आईएएनएस/डेस्क



ग्रेट ब्रिटेन की पुरुष हॉकी टीम को अपने एफआईएच हॉकी प्रो लीग अभियान के अंतिम मैच में लंदन में घरेलू मैदान पर स्पेन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

लगातार हार का मतलब है कि वे 32 अंकों पर समाप्त हो गए और फिलहाल तालिका में शीर्ष पर हैं, लेकिन बेल्जियम, स्पेन और नीदरलैंड अभी होड़ में हैं और कई मैच उनके हाथ में हैं।

भारत ने 16 मैचों में 30 अंकों के साथ अपनी लीग गतिविधियां पूरी कर ली हैं और स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर है।

एंटवर्प में खेले गए मैच में न्यूजीलैंड को 1-0 से हराने वाली बेल्जियम 12 मैचों में 24 अंकों के साथ तीसरे, स्पेन 12 मैचों में 21 अंकों के साथ चौथे जबकि नीदरलैंड्स के 10 मैचों में 19 अंक हैं।

बुधवार को खेले गए मैच में ग्रेट ब्रिटेन ने शुरूआती दबाव बनाया। लेकिन आधे के अंदर से एक पास प्राप्त करने के बाद मार्क रेनें की एक अभूतपूर्व स्ट्राइक ने स्पेनिश टीम को बढ़त दिला दी।

घरेलू टीम को बराबरी का मौका तब मिला जब पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर निक बंडुरक ने गोल कर दिया, जो इस सीजन में उनका 12वां प्रो लीग गोल था।

**बयान**

# सीईओ की नियुक्ति जल्द करे आईओए: आईओसी

**लुसाने ■** वार्ता/डेस्क



अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में मुख्य कार्यकारी अधिकारी/महासचिव की नियुक्ति में देरी को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार देते हुए चिंता व्यक्त की और कहा कि वह इस मुद्दे पर लगातार नज़र रखे हुए है। आईओसी ने बुधवार को कार्यकारी समिति की बैठक के बाद एक बयान जारी किया, जिसमें आईओए से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) से जुड़ी समस्या का समाधान निकालने के लिये भी कहा गया है।

आईओए ने एक बयान में कहा,भारत की एनओसी (राष्ट्रीय ओलंपिक समिति) को कई मौकों पर एनओसी संविधान के अनुसार बिना किसी देरी के नये सीईओ/महासचिव की नियुक्ति पूरी करने का निर्देश दिया गया है, ताकि एनओसी के भीतर स्थिति को सामान्य किया जा सके।

बयान में कहा गया, दुर्भाग्य से एनओसी ने अभी तक इस प्रक्रिया को पूरा नहीं किया है। आईओसी इस मुद्दे की निगरानी जारी रखे हुए है। आईओसी ने आईओए से डब्ल्यूएफआई को प्रभावित करने वाले मुद्दों के समाधान के लिये अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघ, यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के साथ समन्वय करने के लिये भी कहा है।

उल्लेखनीय है कि ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और एशियाई खेलों की चैंपियन विनेश फोगाट सहित भारत के शीर्ष पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पिछले महीने नयी दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था। दिल्ली पुलिस ने 29 मई को पहलवानों को हिरासत में लेकर प्रदर्शन समाप्त किया था, जिसके बाद यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भारतीय कुश्ती की स्थिति पर चिंता व्यक्त की थी।

आंदोलनरत पहलवानों का आरोप है कि बृजभूषण ने महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न किया है।

## मेदवेदेव हाले ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**हाले,एपी।** रूस के दानिल मेदवेदेव ने विम्बलडन की तैयारियां पुख्ता करते हुए लासलो जेरे को 6 . 3, 6 . 7, 6 . 3 से हराकर हाले ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मेदवेदेव फ्रेंच ओपन और पिछले सप्ताह लिबेमा ओपन में पहले ही दौर में हार गए थे। वह 2021 के बाद विम्बलडन में लौटेंगे क्योंकि यूक्रेन पर हमले के कारण रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर वहां प्रतिबंध था। अब मेदवेदेव का सामना राबर्टो बातिस्ता एगुट से होगा।

## मैकुलम ने मोईन अली, जॉनी बेयरस्टो का समर्थन किया

**लंदन ■** आईएएनएस/डेस्क



इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि इंग्लैंड 28 जून से यहां लॉर्डस में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में वापस बुलाए गए ऑफ स्पिनर मोइन अली और चोट से वापसी कर रहे विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो पर भरोसा दिखाना जारी रखेगा।

इंग्लैंड बमिंघम में शुरूआती टेस्ट दो विकेट से हार गया, जिसमें मोईन और बेयरस्टो आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को टक्कर देने के लिए संघर्ष कर रहे थे। मोईन अली, जो नियमित स्पिनर जेक लीच के घायल होने के बाद रेड-बॉल संन्यास से बाहर आए, ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 386 के स्कोर में 33 ओवरों में 2-147 विकेट लेने में सफल रहे और फिर दूसरी पारी के दौरान 14 ओवरों में 1-57 रन दिए। ऑस्ट्रेलिया ने एजबस्टन में दो विकेट से जीत हासिल की।

## समाचार-आसपास

### याद रखने योग्य क्रिकेटर नहीं हैं ओली रॉबिनसन: हेडन

**मेलबर्न,भाषा।** आस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिनसन को 'भूलने योग्य क्रिकेटर करार दिया है जबकि पूर्व विकेटकीपर इयान हीली ने तो उन्हें पहचानने से इनकार कर दिया पहले एशेज टेस्ट में आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को 141 के स्कोर पर आउट करने के बाद छींटाकशी करने वाले रॉबिनसन की काफी आलोचना हुई। वह दूसरी पारी में पुछल्ले बल्लेबाज पैट कमिंस और नाथन लियोन के विकेट नहीं ले सके और आस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट दो विकेट से जीता। हेडन ने 'सेन रेडियो' से कहा उसने बताया कि इंग्लैंड का सामना कैसे करना है। पैट कमिंस ने जो रूट को दो छक्के जड़े तब यह दूसरा गेंदबाज (रॉबिनसन) आया।

### भारतीय वुशु टीम का चयन 23 और 24 जून को

**नई दिल्ली,भाषा।** भारतीय वुशु संघ 19वें एशियाई खेलों के लिए चयन ट्रायल का आयोजन श्रीनगर में 23 और 24 जून को करेगा। भारतीय वुशु संघ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर में अभी खिलाड़ियों का कोचिंग शिविर चल रहा है। छह जून को शुरू हुआ यह कोचिंग शिविर तीन अगस्त तक चलेगा। पहले चरण में 45 खिलाड़ी शिविर में हिस्सा ले रहे हैं और दूसरे चरण में 37 खिलाड़ी शिविर का हिस्सा होंगे। खेल मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार चुने हुए खिलाड़ियों के नाम 30 जून से पहले भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को भेजे जाने हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम की तैयारी के लिए दो महीने के राष्ट्रीय शिविर को स्वीकृति दी है। एशियाई खेल 25 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांगझोउ में होंगे। भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बाजवा चयन समिति के अध्यक्ष हैं। इसके अन्य सदस्य द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता राष्ट्रीय मुख्य कोच कुलदीप हंडू, सुहेल अहमद, आरिफ और अभिलाष सक्सेना हैं।

### विश्व कप से पहले वानखेड़े स्टेडियम पर लगेंगी फ्लडलाइट

**मुंबई,भाषा।** भारत में अक्टूबर नवंबर में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले वानखेड़े स्टेडियम पर नयी एलईडी फ्लडलाइट लगेंगी और हॉस्पिटेलिटी बॉक्स को नये सिरे से सजाया जायेगा। भारत के एक मैच के अलावा यहां सेमीफाइनल भी होना है।

वानखेड़े स्टेडियम उन पांच मैदानों में से है जिन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने विश्व कप से पहले मरम्मत और साज सज्जा के लिये चुना है। अभी यहां काम शुरू नहीं हुआ है लेकिन फ्लडलाइट बदलने के लिये टेंडर बुलाये गए हैं पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस के घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम पर आईपीएल 2023 के दौरान सात लीग मैच हुए । इसके बाद ही यहां काम शुरू किया गया।

मुंबई क्रिकेट संघ ने अपनी वेबसाइट पर लिखा वानखेड़े स्टेडियम पर एलईडी फ्लडलाइट लगाने और डीएमएक्स कंट्रोल के लिये सीलबंद टेंडर बुलाया गए हैं। इसके साथ ही एमसीए ने स्टेडियम में हॉस्पिटेलिटी बॉक्स की साज सज्जा के लिये भी आवेदन बुलाये हैं। एमसीए की शीर्ष परिषद की यहां 30 जून को होने वाली बैठक में कुछ और फैसले भी लिये जाने हैं। भारत ने अप्रैल 2011 में श्रीलंका को फाइनल में हराकर 28 साल बाद वनडे विश्व कप जीता था।

# नीयत में काम कर खुश हैं विद्या बालन



बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन फिल्म नीयत में काम कर खुश है। अनु मेनन द्वारा निर्देशित फिल्म नीयत में विद्या बालन जासूस मीरा राव के रोल में नजर आएंगी, जो एक मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करती देखी जाएंगी। विद्या बालन फिल्म नीयत में काम कर बेहद खुश है। विद्या बालन ने कहा, एक कलाकार होने के नाते मुझे जो सबसे ज्यादा आनंद आता है, वह है मेरे द्वारा निभाए गए हर किरदार के साथ एक अलग व्यक्ति का जीवन जीने का अवसर। फिल्म नीयत में, जासूस मीरा राव आपकी रोजमर्रा की, क्लासिक जासूस नहीं है, जिसने इसे मेरे लिए बहुत मजेदार बना दिया है।

इसके अलावा, न केवल मुझे एक असामान्य और विचित्र किरदार निभाने का मौका मिला, बल्कि मुझे कई शक्तिशाली को-एक्टर्स के साथ काम करने का भी मौका मिला। यह फिल्म शकुंतला देवी के बाद अनु के साथ मेरी दूसरी फिल्म है और विक्रम, अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट और प्राइम वीडियो के साथ मेरा चौथा सहयोग है और मैं केवल यह कह सकती हूं कि इस फिल्म को बनाने के लिए उनके साथ काम करने में मुझे सबसे अद्भुत समय मिला है।

मैं फिल्म नीयत की रिलीज के साथ सिनेमाघरों में वापस आकर बेहद खुश हूं और दर्शकों की प्रतिक्रियाओं का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। 'नीयत' शूटिंग यूके में की गई है। इस फिल्म में विद्या बालन के अलावा राम कपूर और राहुल बोस की भी अहम भूमिका है। फिल्म नीयत 07 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# धनुष को लेकर तेरे इश्क में बनायेंगे आनंद एल राय

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार आनंद एल राय दक्षिण भारतीय स्टार धनुष को लेकर फिल्म 'तेरे इश्क में' बनाने जा रहे हैं। आनंद एल राय ने वर्ष 2013 में धनुष को लेकर सुपरहिट फिल्म 'रांझणा' बनायी थी। आनंद एल राय अब एक बार फिर से धनुष को लेकर फिल्म 'तेरे इश्क में' बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म का म्यूजिक ए आर रहमान देंगे। इसकी कहानी हिमांशु शर्मा और नीरज यादव ने लिखी है।

फिल्म 'तेरे इश्क में' का टीजर शेयर करते हुये आनंद एल राय ने लिखा, 'कुछ कहानियां किसी पुराने दोस्त जैसी मिल जाती हैं जो हाथ नहीं मिलातीं, सीधे आके गले लग जाती हैं। 10 साल पहले एक ऐसी ही कहानी मिली थी हमें.. कुंदन की कहानी। दोस्त था मेरा, पर जी ना सका.. उसका मूड नहीं था जीने का..अब दस साल बाद फिर एक किस्सा आया है, कुंदन और ये लड़का एक से ही हैं, बस इसका मूड दुनिया फूंक देने का है.. सिर्फ आपके लिए 'तेरे इश्क में।


फिल्म के टीजर में धनुष हाथ में जलती हुई कांच की बोतल लेकर दौड़ते नजर आ रहे हैं। वाइस ओवर में उन्हीं की आवाज में डायलॉग चल रहा है, 'तेरे माथे की बिंदी मेरे हाथों की लकीरें खा जाती है, अपनी मांग के सिंदूर से क्या हर बार मेरी सांस, मेरी धड़कनों को टोकोगे, पिछली बार तो कुंदन था मान गया, पर इस बार शंकर को कैसे रोकोगे।

# करीना और कियारा फिर साथ करेंगी काम




बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर और कियारा आडवाणी फिर से एक फिल्म में काम करती नजर आ सकती हैं। करीना और करीना ने फिल्म 'गुड न्यूज़' में साथ में काम किया था। चर्चा है कि करीना और कियारा फिर से साथ में काम करने जा रही है। बताया जा रहा है कि करीना और कियारा ने अश्विनी अय्यर तिवारी की अगली निर्देशित फिल्म के लिए साइन अप किया है, जिसे फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनाया जायेगा।यदि सबकुछ सही रहा तो करीना और कियारा फिर से साथ नजर आयेगी।

# आलिया के हॉलीवुड में काम करने को लेकर खुश हैं महेश भट्ट



बॉलीवुड फिल्मकार महेश भट्ट अपनी बेटी आलिया भट्ट के हॉलीवुड में काम करने को लेकर बेहद खुश हैं। आलिया फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' से हॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। आलिया के हॉलीवुड में काम करने को लेकर महेश भट्ट काफी खुश हैं। महेश भट्ट ने कहा कि, 'जब मैं आलिया को गैल गैडोट और जेमी डोर्नन जैसे ग्रेट इंटरनेशनल एक्टर के साथ खड़ा देखता हूं तो मुझे प्राउड फील होता है।इस विचार से प्रभावित हुए बिना कि ये हॉलीवुड है, वहां खड़े रहना, जब इंटरनेशनल टैलेंट की बात आती है तो आज के युवा खुद को किसी भी तरह से छोटा या कम महसूस नहीं करते। फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' 11 अगस्त 2023 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। आलिया इस फिल्म में नेगेटिव रोल प्ले कर रहीं हैं।



# नवाजुद्दीन ने 'टीकू वेडस शेरू' के प्रोमो में ऋतिक का जिक्र किया

बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कंगना रनोत द्वारा निर्मित 'टीकू वेड्स शेरू' के प्रचार के दौरान एक्टर ऋतिक रोशन के नाम का जिक्र किया। ज्ञता हो कि एक्ट्रेस कंगना और रितिक के बीच उस समय विवाद हो गया था जब एक्ट्रेस ने एक बार रितिक के साथ अफेयर होने का दावा किया था। एक्ट्रेस कंगना ने एक इंटरव्यू के दौरान रितिक को मूर्ख एक्स (पूर्व) भी कहा था। अब एक्टर नवाजुद्दीन ने इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली फिल्म का एक प्रोमो शेयर किया है। क्लिप में वह सोफे पर बैठे नजर आ रहे हैं और अपना परिचय दे रहे हैं।

वह कहते हैं, हैलो दोस्तों, मेरा नाम शेरू है और लोग मुझे प्यार से शेरू ही बुलाते हैं। मैं बॉलीवुड में काम करता हूं। छोटी मोटी फिल्मों का बड़ा प्रोड्यूसर हूं। इसके बाद नवाजुद्दीन शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के साथ अपनी तस्वीरें दिखाने लगते हैं। इसके साथ ही वह कहते हैं, 'ऋतिक गया हुआ था इसलिए नहीं है। इसके बाद अभिनेता 'गैंग्स ऑफ वासेपुर 2' की अपनी पॉपुलर लाइन का जिक्र करते हैं और शादी के लिए उपयुक्त लड़की के बारे में अपनी प्राथमिकताओं के बारे में बात करते हैं। एक्टर नवाजुद्दीन कहते हैं, मैं ऐसी लड़की ढूंढ रहा हूं जो मेरा ध्यान रखे लेकिन मुझसे ज्यादा मेरे भाई का, बाप का, दादा का सबका ध्यान रखे।

मजाकिया अंदाज में वह कहते हैं उसमें कोई बुरी आदत नहीं है और फिर वह उन लड़कियों का बायोडाटा मांगते हैं जो उससे शादी करना चाहती हैं। एक्टर ने वीडियो क्लिप के कैप्शन लिखा, शेरू मियां की तो बात ही कुछ अलग है! मोस्ट डिजायरेबल बैचलर ऐसे ही थोड़ी ना कहता है! देखिए इनकी प्यार की रोलरकोस्टर यात्रा, जल्दी ही। 'टीकू वेड्स शेरू' में अवनीत कोर भी हैं। यह 23 जून को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

बहुरंग

# जाकिर खान मैडिसन स्क्वायर गार्डन में करेंगे शो



स्टैंड-अप स्टार जाकिर खान मार्च 2024 में न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में प्रदर्शन करने वाले पहले भारतीय बनेंगे। उनका कहना है कि उन्होंने जो सपना देखा था, उससे कहीं अधिक सच हो रहे हैं। उनके इस साल के अंत में सिडनी ओपेरा और पैलेस थिएटर जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर भी प्रदर्शन करने की उम्मीद है। जाकिर ने कहा: सिडनी ओपेरा हाउस और मैडिसन स्क्वायर गार्डन.. इनके नाम लेने मात्र से ही मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इन प्रसिद्ध स्थलों ने इतिहास के कुछ महानतम कलाकारों की मेजबानी की है, और उनमें गिने जाने का अवसर प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है। इतने तो मैंने ख्वाब देखे भी नहीं, जो पूरे हो रहे हैं। यह महसूस करना सुखद है कि मैं दिग्गजों के नक्शेकदम पर खड़ा होऊंगा और उन पवित्र मंचों से लोगों को हंसाऊंगा।

दिलचस्प

# रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने गाया गाना



बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपना एक सिंगिंग वीडियो शेयर किया है।

राशा थडानी जल्दी ही बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। राशा ने सोशल मीडिया पर अपने एक परफॉर्मेंस की वीडियो शेयर की है, जिसमें वह हॉलीवुड सिंगर एमी वाइनहाउस का 'वेलेरी' गाना गाती हुई नजर आ रही हैं।

वीडियो में राशा ब्लैक ऑफ शोल्डर ड्रेस में दिखाई दे रही हैं। राशा थडानी ने हाल ही में मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से अपना ग्रेजुएशन पूरा किया है। ग्रेजुएशन पूरा होते ही राशा अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन के साथ बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। निर्देशक अभिषेक कपूर इस नई जोड़ी को लॉन्च करने वाले हैं।

विचार पेज का शेष

# राष्ट्रीय अखण्डता के देवदूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

पं.नेहरू ने जनसंघ को कुचलने की धमकी दी तो डॉ.मुखर्जी ने कहा कि भारतीय जनसंघ अपने वर्चस्व से एक दिन कांग्रेस की फांसीवादी मानसिकता को कुचलेगा। 1951 के चुनाव में 3 प्रतिशत वोट पाकर जनसंघ राष्ट्रीय दल बन गया। डॉ.मुखर्जी ने गैर कांग्रेस मोर्चा का विचार प्रस्तुत कर संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा बनाया, जिसमें जनसंघ, सोशलिस्ट पार्टी, किसान मजदूर, प्रजा पार्टी सम्मिलित हुई। राष्ट्रीय राजनीति में जनसंघ के प्रादुर्भाव का रास्ता डॉ.मुखर्जी ने ही तैयार किया। डॉ.मुखर्जी ने जम्मू- कश्मीर को भारत में विशेष दर्जा दिये जाने का प्रबल विरोध किया। भारत से जम्मू कश्मीर पहुंचने वाले को विशेष परमिट के आधार पर प्रवेश दिया जाता था। डॉ.मुखर्जी ने एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान के सिद्धांत का विरोध करते हुए जम्मू-कश्मीर में बिना परमिट के प्रवेश करने का आंदोलन आरंभ किया। और 11 मई 1953 को बलात प्रवेश करने की घोषणा की।

केन्द्र में कांग्रेस और जम्मू-कश्मीर में शेख अब्दुल्ला की सरकार डॉ मुखर्जी के मुस्लिम तुष्टीकरण के विरुद्ध होने के कारण पहले से ही डॉ.मुखर्जी से खुन्नस खाये थी। इसलिए शेख अब्दुल्ला सरकार ने उन्हें ऐसी जगह गिरफ्तार किया, जहां सुप्रीम कोर्ट का न्यायिक क्षेत्र तय नहीं था। पूरी रात एक वाहन में यात्रा करायी गयी और निर्जन स्थान में निरुद्ध कर रखा। 23 जून को उनके निधन की जम्मू-कश्मीर सरकार ने घोषणा कर दी। सम्पूर्ण देश स्तब्ध रह गया। लोगों का कहना था कि उन्हें मार दिया गया।

यद्यपि उनकी मृत्यु श्रीनगर के किसी अस्पताल में हुई थी, तदपि जिन परिस्थितियों में वह हुई, वे बड़ी रहस्यात्मक थीं, और आज तक वह रहस्य उद्घाटित नहीं हुआ है। भविष्य में भी अब इसकी कोई सम्भावना नहीं है, क्योंकि 70 वर्ष की कालावधि व्यतीत होने पर किसी साक्ष्य अथवा प्रमाण के सुरक्षित रहने की किंचित भी सम्भावना नहीं है। विशेषतया उस परिस्थिति में जिसमें से इस अवधि में श्रीनगर सहित समस्त जम्मू और कश्मीर प्रदेश गुजरता रहा है। डॉ.मुखर्जी का असामयिक निधन राजनीतिक विद्वेष और असहिष्णु की बर्बरता की कथा है। राष्ट्रीय अखण्डता के देवदूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर कोटिशः नमन।

# भाजपा बाड़े के मुखर्जी भवन को बाय-बाय करेगी

## सिरोल में बनेगा नया कार्यालय, जमीन खरीदने की परमीशन मांगी

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी अब जल्दी ही महाराज बाड़ा स्थित मुखर्जी भवन को ही बाय-बाय कर देगी। भाजपा का नया कार्यालय अब सिरोल में बनाने की तैयारी है। इसके लिये जमीन संबंधी कागजात भोपाल भाजपा मुख्यालय में भेज दिये गये हैं। प्रदेशाध्यक्ष व्हीडी शर्मा की एनओसी आते ही अब भाजपा कार्यालय के लिये जमीन की खरीदी प्रक्रिया शुरू की जायेगी। सूत्रों के मुताबिक ग्वालियर भाजपा का जिला कार्यालय अब सिरोल में बनेगा। यह कार्यालय लगभग 5 बीघा क्षेत्र में बनाने की तैयारी है। अभी तक भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन महाराज बाड़े पर हैं, जहां वह पुराना होने से अस्त व्यस्त है और जगह भी कम है। भाजपा ने अब देशभर में बना रहे अपने नये कार्यालयों की लिस्ट में ग्वालियर को भी शामिल कर लिया हैं। नये कार्यालय में अब 100 से 200 लोगों की कान्फ्रेंस, बैठक, रहने के छोटे फ्लैट व गेस्ट रूम भी बनेंगे। इसके अलावा पदाधिकारियों के लिये अलग अलग कक्ष भी बनेंगे। भाजपा का सिरोल का कार्यालय भोपाल के दीनदयाल परिसर की तरह होगा। इसमें पदाधिकारियों व संगठन मंत्रियों के लिये छोटे फ्लैट भी बनाने की योजना हैं। नये भाजपा कार्यालय बनने के बाद मुखर्जी भवन को भाजपा ग्वालियर का सिटी कार्यालय के रूप में नवश्रृंगारित कराया जा सकता है। जहां पत्रकारवार्ता से लेकर छोटे



आयोजन होंगे।

**38 नंबर बंगला छिनने से हुई भाजपा को दिक्कत**–भाजपा को हालांकि नये कार्यालय की जरूरत नहीं थी, लेकिन पूर्व में कार्यरत 38 नंबर रेसकोर्स रोड का बंगला छिनने से भाजपा को दिक्कत हुई। यह बंगला कमलनाथ सरकार में मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पसंद कर भाजपा से खाली करा लिया था। जिसमे संगठन मंत्री शैलेन्द्र बरूआ को भी बाहर कर दिया गया था।

**भाजपा वापस नहीं ले पाई 38 नंबर बंगला**–दल बदल के बाद कमलनाथ सरकार गिरने व शिवराज सरकार बनने के बाद यह माना जा रहा था कि भाजपा 38 नंबर को खाली करा लेगी। लेकिन सिंधिया कोटे से मंत्री बने प्रद्युम्न सिंह तोमर 38 नंबर का मोह त्याग नहीं पा रहे है। कारण यह है कि 38 नंबर बंगले से उनका बेहद लगाव रहा है, वह अपने सबसे पहले राजनैतिक गुरू रमाशंकर सिंह के साथ यहीं से राजनीति की चौपड़ खेलना सीखे हैं।

**नया भाजपा कार्यालय सिरोल होने से बाड़े से ट्रेफिक लोड कम होगा**–भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का कहना है कि भाजपा का नया कार्यालय सिरोल होने से बाड़े से नेताओं की भीड़ व उनके वाहनों का लोड कम होगा। उससे यातायात जाम की समस्या भी कम होगी।

**नया कार्यालय जल्द बनेगा: अभय चौधरी**–भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा कि भोपाल से जमीन परमीशन आते ही हम जमीन खरीद कर कार्यालय का निर्माण शुरू करेंगे। इसे नये भव्य व आधुनिक स्वरूप में बनाया जायेगा।

# सीएम चौहान 24 को ग्वालियर में, हजार बिस्तर हॉस्पिटल का लोकार्पण और जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल होंगे

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विकास कार्यों की सौगातें लेकर 24 जून को ग्वालियर प्रवास पर आ रहे हैं। प्रस्तावित ग्वालियर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री चौहान बेहटा में बघेल समाज के सम्मेलन, मेला मैदान में मुख्यमंत्री ला?ली बहना सम्मेलन सह मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम, अचलेश्वर मंदिर पर जगन्नाथ रथ यात्रा एवं हजार बिस्तर के अस्पताल व सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के लोकार्पण व निरीक्षण सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री चौहान के साथ केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, जिले के प्रभारी एवं प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर सहित राज्य सरकार के अन्य मंत्रिगण एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण भी इन कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री चौहान 24 जून को दोपहर लगभग सवा 12 बजे राजकीय विमान से राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे। यहाँ से स?क मार्ग द्वारा बेहटा पहुँचकर लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। साथ ही बघेल समाज के सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री चौहान दोपहर लगभग 1.30 बजे मेला मैदान में पहुँचकर मुख्यमंत्री ला?ली बहना सम्मेलन सह मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार पत्र वितरण एवं विकास कार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल



होंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर 777 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इनमें लगभग 185 करो? रूपए लागत के भूमिपूजन और लगभग 592 करोड़ रूपए लागत के लोकार्पण शामिल हैं। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत महिला हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करने के साथ-साथ लाड़ली बहनाओं का सम्मान कर उनसे संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान मेला मैदान पर आयोजित समारोह के बाद सिटी सेंटर क्षेत्र में पहुँचकर मध्य भारत हिन्दी साहित्य भवन का भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात अचलेश्वर मंदिर पर पहुँचकर भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल होंगे। इसके बाद हजार बिस्तर अस्पताल और सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण एवं निरीक्षण करने पहुँचेंगे। मुख्यमंत्री चौहान इस कार्यक्रम के बाद विमानतल पहुँचकर वायुमार्ग द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# भानू ने नारी सम्मान के 6400 फार्म भरवा दिये, कांग्रेसी अचंभित



ग्वालियर। कांग्रेस नेता भानूप्रताप सिंह तोमर ने नारी सम्मान योजना के तहत ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में 6400 फार्म भरकर एक सराहनीय प्रयास किया है। भानूप्रताप सिंह तोमर ने आज यह फार्म जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यकारी कांग्रेस अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल व स्थाई मंत्री दिनेश दुबे के समक्ष जमा किये। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने उनके प्रयासों की सराहना की। ज्ञातव्य है कि भानूप्रताप सिंह तोमर कांग्रेस के सक्रिय युवा नेता है और कांग्रेस के वरिष्ठ दिग्गज नेता यदुनाथ सिंह तोमर के पुत्र है। ऐसा लगता है कि भानूप्रताप सिंह तोमर भी अब उपनगर ग्वालियर से दावेदारी ठोंकने के मूड में हैं। यहां पहले से ही सुनील शर्मा के साथ राजेन्द्र नाती, सौरभ तोमर, मितेन्द्र दर्शन सिंह, वीरेन्द्र तोमर, मंजूलता राजेन्द्र सिंह तोमर, सक्रिय हैं। कुल मिलाकर इस बार कांग्रेस के टिकट के लिये लोगों की ज्यादा लाइन है। ऐसा लग रहा है कि इस बार भाजपा के एक दिग्गज पूर्व मंत्री ब्राहम्ण नेता को कांग्रेस अपने यहां से उम्मीदवार भी बना सकती है। जिससे सारे समीकरण यहां उलट सकते हैं।

# कॉग्रेस श्रेय की नहीं विकास की राजनीति करती है: अवधेश कौरव




ग्वालियर। नगर निगम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि कृश्णराव दीक्षित एवं मेयर इन कॉउंसिल के प्रभारी सदस्य अवधेश कौरव ने कहा है कि गरीबों और व्यापारियों को राहत देने वाले प्रस्ताव मेयर इन कॉउंसिल ने बकाया जलकर माफी का प्रस्ताव 25 नवम्बर 2022 को ही पास करवा दिया था और 31 मार्च 2023 को गार्वेज शुल्क कम करने, स्व. महापौरों की प्रतिमायें लगाने, धार्मिक स्थलों जैसे मंदिरों, मस्जिदों, गरूद्वारों, चर्चों आदि को सभी तरह के करों से मुक्त रखने, निगम सीमा के अन्तर्गत आने वाली सभी औद्योगिक इकाईयों को संपत्तिकर में राहत देने के लिये परिक्षेत्र क्रमांक तीन में शामिल करने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास कर परिषद की ओर अग्रेशित किये है। पर गाल बजाने वाले नेता बताएं कि इन प्रस्तावों को अब तक परिषद में क्यो नहीं भेजा गया है। क्या यह इस बात का प्रतीक नहीं है कि निगम प्रशासन पर भाजपा सरकार दबाव बनाकर जनहित के प्रस्ताव रोक रही हैं। उन्होने कहा कि कॉग्रेस पार्टी काम करने में विश्वास रखती है, श्रेय लेने की राजनीति भाजपा करती है। भाजपा नेताओं में ही श्रेय लेने की होड़ रहने के कारण ग्वालियर का विकास अवरूद्ध हो रहा है। कॉग्रेस पार्टी ने हमेशा दलगत भावना से उपर उठकर शहर विकास का काम किया है। हमारी कॉग्रेस पार्टी के नेता कैलाशवासी महाराज माधवराव सिंधिया ने ही ग्वालियर अंचल का विकास कराया पर भाजपा बताए की उसने कौन से उद्योग लगवाए हैं, जे.सी. मिल को भाजपा सरकार ने ही बंद कराया था। इसलिये भाजपा के नेता विकास कराने की फर्जी डींगे हॉकना बंद करें।

# बेहाल शहर, कहीं स्मार्ट सिटी ही ना ले डूबे भाजपा कोड़

ग्वालियर। सिंधिया की नगरी कहे जाने वाले ग्वालियर शहर का हाल इन दिनों बेहाल है। पूरे शहर में सड़कें खुदी पड़ी है। जगह-जगह कीचड़ जमा है उसमे पानी भर गया है, जो हादसों को भी आमंत्रित कर रहे है। ये सब स्मार्ट सिटी की कृपा मात्र से हो रहा है। अब शहरवासी कहने लगे है कि स्मार्ट सिटी का काम शहर को स्मार्ट बनाने का है, ना कि उजाड़ने का। वहीं शिवराज सरकार और केन्द्र सरकार में ग्वालियर अंचल से मंत्री होने के बाद भी यह हालात है। खबर है कि स्मार्ट सिटी के कर्ताधर्ता मंत्रियों तक को अनसुना कर रहे है। ऐसे में अब सवाल उठने लगा है कि क्या स्मार्ट सिटी अबकी बार भाजपा को साल के अंत में होने वाले आम चुनावों में ले तो नहीं डूबेगी। वैसे भी शहर में सड़कों के उजड़ीकरण और अघोषित बिजली कटौती की समस्या विकराल रूप ले रही है।

कभी तानसेन तो कभी सिंधिया नगरी के नाम से पहचाने जाने वाला ऐतिहासिक ग्वालियर शहर अपने आगोश में कीमती धरोहरों को सहेज कर रखा है। इस शहर की पहचान अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर है। विदेशों से मेहमान ग्वालियर आकर यहां की ऐतिहासिक धरोहरों को अपने कैमरों को कैद कर ले जाते है। साथ ही जमकर इन धरोहरों की प्रशंसा भी करते है। परंतु आजकल शहर की सड़कों के बिगड़े हालातों ने इस शहर की ऐतिहासिकता पर एक बदनुमा दाग लगा दिया है। विदेशी मेहमान और देश के अन्य कोनों से आने वाले लोग सड़कों की खस्ताहालत देख यहां आने से अब अगली बार किनारा करने की बात कहते है। क्यों कि पूरे शहर में कमोवेश एक से ही हालात है। अगर शहर की थीम रोड़ या फिर अब राजपथ मार्ग की बात की जाये तो स्मार्ट सिटी ने दोबारा टेंडर कर नये अंदाज में इसे बनवाया है। इससे पहले पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता ने इस रोड को थीम रोड विकसित कर तमाम करवाये थे। लेकिन अब स्मार्ट




सिटी ने इसे अपने अंडर में लेकर दोबारा टेंडरिंग कर राजपथ स्टाईल में रोड को बनवाने की बात कही थी। अब इस राजपथ रोड की गुणवत्ता पर ही सवाल खड़े होने लगे है। वहीं सड़क भी पूरी अब तक नहीं बनने से स्मार्ट सिटी और ठेकेदार कंपनी पर उंगलियां उठने लगी है। इस सडक पर स्थित फाईन आर्टस कालेज तक का गेट बंद हो गया है। फुटपाथ उंचा होने से कालेज आने वाली छात्रायें गिरकर भी चोटिल हो जाती है। इस जानकारी से कई बार स्मार्ट सिटी सीईओ को भी अवगत कराया गया है। जिस पर सीईओ साहिबा ने ठेकेदार को निर्देशित करने की बात भी कही थी। लेकिन अब तक इस पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। मजेदार बात यह भी है कि इस रोड पर ही मोदी सरकार में मंत्री और ग्वालियर रियासत के महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया का महल जयविलास पैलेस भी है। उसके बाद भी स्मार्ट सिटी और ठेकेदार इस रोड के साथ अब तक न्याय नहीं कर पाये है और यह अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। वहीं बात की जाये शहर के ह्रदय स्थल महाराज बाड़े की तो इसे पूरी तरह आजकल उजाड़ दिया गया है। नो व्हीकल जाने बनाने के चक्कर में महाराज बाड़े के एक हिस्से टाउन हाल के तरफ के रास्ते को पूरी तरह खोद दिया गया है। बिजली के पोल भी हटाये जो रहे है। इससे महाराज बाड़े की हालत खस्ता हो गई है। पूरे दिन बाड़े पर जाम लगा रहता है। वहीं टाउन हाल की तरफ से आने वाले यातायात को रोककर टोपी बाजार से डायवर्ट किया गया है। जिससे अब टोपी बाजार में भी दिनभर जाम लगा रहता है। यहां सामान खरीदने आने वाले लोग भी टोपी बाजार आने से अब बच रहे है। महाराज बाड़े के बिगड़े हालात को लेकर लोग परेशान है। 24 जून को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के भी बाड़े आने का प्रोग्राम है। यहां उनको विक्टोरिया मार्केट में नवनिर्मित बायोलाजिकल म्यूजियम का उदघाटन करना है। इसे देखते हुये बाड़े पर जहां हलचल मची है, वहीं सड़कों के खस्ताहाल पर मुख्यमंत्री भी कुछ कार्रवाई कर सकते है, क्योंकि उन्हें आगामी आम चुनाव में जनता के बीच जाना है और बिगडेल स्मार्ट सिटी कहीं उनके चुनावी रथ को ही ना रोक दें।

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

प्रो. अमित
मो. 7772843302
9617243208
श्री हनुमते नमः
प्रो. दीपक
मो. 9639422665
7024015532
जय दंदरौआ सरकार इन्टरप्राइजेज
डिस्पोजल
दोना पत्तल, डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, पत्ते वाली पत्तल, दोने
निर्माता एवं थोक विक्रेता
शादी, पार्टी एवं अन्य शुभ कार्यों आदि में सभी सामान फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478